दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K

RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-32 अंक-49 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) रविवार 29 मार्च 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## रूस 1 अप्रैल से नहीं बेचेगा पेट्रोल, 31 जुलाई तक लगाई रोक

### देश में कीमतें न बढ़ें इसलिए लिया फैसला

मॉस्को (आरएनएस)। वैश्विक तेल बाजार में जारी उथल-पुथल के बीच रूस ने बड़ा कदम उठाते हुए 1 अप्रैल से पेट्रोल (गैसोलीन) के निर्यात पर अस्थायी प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। इकोनॉमिक्स टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, इस फैसले की आधिकारिक पुष्टि रूसी सरकार ने कर दी है।

रूस के उप प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने शुक्रवार को ऊर्जा मंत्रालय को निर्देश जारी करते हुए 1 अप्रैल से पेट्रोल निर्यात पर रोक लगाने का प्रस्ताव तैयार करने को कहा है। रूसी समाचार एजेंसी TASS के मुताबिक, यह प्रतिबंध चार महीने यानी 31 जुलाई तक लागू रह सकता है।

सरकार के अनुसार, मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव ने वैश्विक तेल और पेट्रोलियम बाजार में अस्थिरता पैदा कर दी है। इससे कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। हालांकि, रूस ने यह भी कहा है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में उसकी ऊर्जा संसाधनों की मांग अभी भी मजबूत बनी हुई है।



सरकार ने भरोसा दिलाया है कि देश में कच्चे तेल का रिफाइनिंग स्तर पिछले वर्ष जैसा ही बना हुआ है, जिससे घरेलू स्तर पर पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति स्थिर रहेगी।

इस फैसले के पीछे घरेलू कारण भी अहम हैं। पिछले साल रूस और उसके नियंत्रण वाले यूक्रेन के कुछ क्षेत्रों में पेट्रोल की कमी देखने को मिली थी। उस दौरान यूक्रेन की ओर से रूसी तेल रिफाइनरियों पर हमले तेज कर दिए गए थे, जिससे आपूर्ति प्रभावित हुई थी। इसके साथ ही, एक अवधि में घरेलू ईंधन मांग चरम पर पहुंच गई थी। इन परिस्थितियों ने सरकार को सतर्क कर दिया, और अब वह किसी भी संभावित कमी से बचने के लिए निर्यात पर रोक लगा रही है। यह पहली बार नहीं है जब रूस ने ईंधन निर्यात पर सख्ती दिखाई है। घरेलू कीमतों को नियंत्रित रखने और आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सरकार पहले भी पेट्रोल और डीजल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा चुकी है।

उद्योग से जुड़े आंकड़ों के अनुसार, रूस ने पिछले वर्ष करीब 50 लाख मीट्रिक टन पेट्रोल का निर्यात किया था, जो औसतन लगभग 1,17,000 बैरल प्रतिदिन के बराबर है। इस बड़े हिस्से को अंतरराष्ट्रीय बाजार से हटाकर घरेलू उपयोग के लिए सुरक्षित रखना ही इस फैसले का मुख्य उद्देश्य है।




47,000 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर एमटी जग वसंत, गुजरात के जामनगर में शिप-टू-शिप ट्रांसफर ऑपरेशन के लिए दीनदयाल पोर्ट अथॉरिटी के वाडिनार टर्मिनल पर पहुँच गया।

## एक दिन में 54 लाख से ज्यादा एलपीजी सिलेंडर डिलीवर किए गए, पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक मौजूद : सरकार




नई दिल्ली, (आरएनएस)। देश में आपूर्ति शृंखलाओं को प्रभावित करने वाली मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति के बावजूद घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति सामान्य है। सरकार ने शनिवार को बताया कि 27 मार्च को ही 54 लाख से अधिक एलपीजी रिफिल वितरित किए गए। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के मुताबिक, एलपीजी वितरकों में आपूर्ति की कमी की कोई रिपोर्ट नहीं है और शुक्रवार को उद्योग के आधार पर ऑनलाइन एलपीजी सिलेंडर बुकिंग में 91 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वितरक स्तर पर हेराफेरी को रोकने के लिए डिलीवरी प्रमाणीकरण कोड (डीएसी) आधारित डिलीवरी को 53 प्रतिशत (फरवरी 2026) से बढ़ाकर अब 84 प्रतिशत कर दिया गया है।

मंत्रालय ने आगे कहा कि सभी रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं और उनके पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। आधिकारिक बयान के मुताबिक, देश में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार बनाए रखा गया है। घरेलू खपत को पूरा करने के लिए रिफाइनरियों से एलपीजी उत्पादन बढ़ाया गया है।घरेलू पीएनजी और सीएनजी परिवहन के लिए 100 प्रतिशत आपूर्ति को प्राथमिकता दी गई है। ग्रिड से जुड़े औद्योगिक और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को उनकी औसत खपत का 80 प्रतिशत आपूर्ति की जा रही है।बयान के मुताबिक, एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए कई राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में छापेमारी जारी है। अब तक लगभग 2,900 छापे मारे जा चुके हैं और कल 1,700 से अधिक सिलेंडर जब्त किए गए।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सऊदी क्राउन प्रिंस से की फोन पर बात

नई दिल्ली,(आरएनएस)। पश्चिम एशिया संकट के बीच भारत ने खाड़ी देशों और मध्य पूर्व एशिया के सहयोगियों से संवाद कायम रखने का सिलसिला जारी रखा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को सऊदी अरब के पीएम और क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से बातचीत की। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से फोन पर बात कर मध्य पूर्व संकट को लेकर फिक्रजाहिर की। पीएम ने कहा, हमने ऊर्जा ठिकानों पर हो रहे हमलों की निंदा की।

## भारतीय सेना को मिली 2,000 स्वदेशी 'प्रहार', एलएमजी 1 किमी तक दुश्मन को करेगी ढेर



नई दिल्ली ,(आरएनएस)। देश की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए भारतीय सेना लगातार अपने हथियारों को आधुनिक बना रही है। इसी दिशा में मेक इन इंडिया पहल के तहत बनी 'प्रहार' लाइट मशीन गन (एलएमजी) की पहली खेप सेना को सौंप दी गई है। अब पुरानी 5.56म45 मिमी इंसास एलएमजी की जगह नई 7.62म51 मिमी 'प्रहार' एलएमजी को शामिल किया जा रहा है। हालांकि इस समय एलएसी और एलओसी पर स्थिति अपेक्षाकृत शांत है, लेकिन सुरक्षा को लेकर कोई ढिलाई नहीं बरती जा रही है। सेना अपनी मारक क्षमता बढ़ाने के लिए पुराने हथियारों को तेजी से बदल रही है। शनिवार को अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने 2,000 'प्रहार' एलएमजी की पहली खेप भारतीय सेना को सौंपी। यह डिलीवरी ग्वालियर स्थित अदाणी स्मॉल आर्म्स कॉम्प्लेक्स से रवाना की गई। इस मौके पर रक्षा मंत्रालय और कंपनी के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष राजवंशी ने इसे मेक इन इंडिया के तहत एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि 41,000 एलएमजी की आपूर्ति के लिए सात साल का समय निर्धारित था, लेकिन कंपनी इसे तीन साल से भी कम समय में पूरा करने की दिशा में काम कर रही है। पहले चरण में 2,000 एलएमजी समय से 11 महीने पहले ही सौंप दी गई हैं।

उन्होंने बताया कि कंपनी हर महीने लगभग 1,000 एलएमजी बनाने की क्षमता हासिल कर रही है। आने वाले 12 महीनों में 12,000 एलएमजी और 18,000 कार्बाइन देने की योजना है। ग्वालियर की फैक्ट्री से कुल 30,000 हथियारों का निर्माण और आपूर्ति करना एक बड़ी उपलब्धि होगी।

## पंजाब के पास 12 दिन का पेट्रोल, 14 दिन का डीजल और 6 दिन का एलपीजी स्टॉक : सीएम मान



चंडीगढ़ (आरएनएस)। पश्चिमी देशों के ताजा हालातों और वैश्विक तनाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई अहम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के अगले ही दिन पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने एक बड़ी प्रेस कॉन्फ्रेंस की। राज्य में ईंधन की कमी और लॉकडाउन की उड़ रही अफवाहों पर पूरी तरह से विराम लगाते हुए सीएम मान ने प्रदेश की जनता को एक बड़ा भरोसा दिया है। मुख्यमंत्री ने जनता को आश्वस्त करते हुए स्पष्ट किया कि लोगों को घबराने या पेट्रोल पंपों पर लंबी लाइनों में लगने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। उन्होंने राज्य में मौजूद ईंधन के आंकड़े साझा करते हुए बताया कि पंजाब के पास इस वक्त 12 दिन का पेट्रोल, 14 दिन का डीजल और 6 दिन का एलपीजी (LPG) स्टॉक पूरी तरह से सुरक्षित है।

## नीतीश कुमार 13 अप्रैल के बाद छोड़ सकते हैं मुख्यमंत्री की कुर्सी, इस दिन देंगे एमएलसी पद से इस्तीफा



पटना,(आरएनएस)। बिहार में राजनीतिक हलचल तेज होने लगी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 30 अप्रैल को बिहार विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे सकते हैं, जबकि 13 अप्रैल के बाद वे कभी भी मुख्यमंत्री पद छोड़ सकते हैं। मुख्यमंत्री आवास से जुड़े सूत्रों ने यह जानकारी दी।नीतीश कुमार, जो अभी बिहार विधान परिषद के सदस्य हैं, ने 16 मार्च को हुए राज्यसभा चुनाव में पहले ही जीत हासिल की। नियमों के अनुसार, नीतीश कुमार को संसद के लिए चुने जाने के 14 दिनों के भीतर राज्य विधानमंडल से इस्तीफा देना होता है। इस स्थिति में राज्य विधानसभा या विधान परिषद सदस्य न होने की स्थिति में नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद से भी इस्तीफा देना होगा।राज्यसभा की सदस्यता को लेकर बिहार के मुख्यमंत्री ने अपनी 'समृद्धि यात्रा' के 5 चरणों के दौरान इस मामले पर एक भी शब्द नहीं कहा। यह यात्रा 26 मार्च को पटना में समाप्त हुई थी। समृद्धि यात्रा के दौरान, बिहार के मुख्यमंत्री ने 32 जिलों में 32 जनसभाओं को संबोधित किया, लेकिन कहीं भी राज्यसभा जाने या मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने का जिक्र नहीं किया था। हालांकि, हाल में संपन्न हुए राज्यसभा चुनाव में उन्होंने नामांकन दाखिल किया और पहली बार उच्च सदन के सदस्य के रूप में चुने गए।

## दूल्हे ने दो लड़कियों से रचाई शादी, दोनों के साथ एक ही मंडप में लिए फेरे; सामने आई तस्वीरें

कोंडागांव(आरएनएस)। जिले के फरसगांव ब्लॉक के बैलगांव गांव में एक अनोखी शादी इन दिनों चर्चा का केंद्र बनी हुई है। यहां एक युवक ने एक साथ दो युवतियों से विवाह कर सभी को चौंका दिया। खास बात यह रही कि यह शादी पूरी तरह दोनों दुल्हनों, दूल्हे और उनके परिवारों की सहमति से संपन्न हुई, जिसे गांव और समाज ने भी स्वीकार किया। 24 मार्च को पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न इस विवाह में दूल्हे ने एक ही मंडप में दोनों दुल्हनों के साथ फेरे लिए। शादी से पहले छपे निमंत्रण पत्र में भी दोनों दुल्हनों के नाम शामिल किए गए थे, जिससे यह आयोजन पहले ही इलाके में चर्चा का विषय बन गया था।


## आसमान में अचानक बंद हुआ इंडिगो के विमान का इंजन, 160 यात्रियों की अटकी सांसे




नई दिल्ली (आरएनएस)। विशाखापत्तनम से दिल्ली आ रही इंडिगो की एक फ्लाइट में तकनीकी खराबी के चलते इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। समय रहते सतर्कता बरतने से एक बड़ा हादसा टल गया और सभी यात्रियों की जान सुरक्षित रही।जानकारी के मुताबिक, इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6E-579 विशाखापत्तनम से दिल्ली के लिए रवाना हुई थी। उड़ान के दौरान अचानक विमान के एक इंजन में खराबी आ गई। पायलट को जैसे ही तकनीकी समस्या का संकेत मिला, तुरंत एयर ट्रैफिक कंट्रोल को सूचना दी गई।इसके बाद दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर अलर्ट जारी करते हुए रनवे-28 पर इमरजेंसी घोषित की गई। पूरी तैयारी के बीच विमान को सुरक्षित लैंड कराया गया। बताया जा रहा है कि फ्लाइट में करीब 160 यात्री सवार थे, जो सभी पूरी तरह सुरक्षित हैं, हालांकि घटना के दौरान यात्रियों में कुछ देर के लिए दहशत का माहौल जरूर बन गया।सूत्रों के अनुसार, सुबह करीब 10:39 बजे इमरजेंसी की घोषणा की गई, जबकि विमान ने लगभग 10:59 बजे सुरक्षित लैंडिंग की। एयरलाइंस की ओर से बताया गया है कि तकनीकी गड़बड़ी की सूचना मिलते ही एहतियातन यह फैसला लिया गया।




## मुंबई में 75 लोगों ने एक साथ मांगी इच्छामृत्यु, हरीश राणा के ऐतिहासिक केस से शुरू हुई यह पूरी लहर




नई दिल्ली (आरएनएस)। मुंबई में इच्छामृत्यु (यूथेनेशिया) को लेकर एक नई बहस छिड़ गई है। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) को 75 लोगों ने इच्छामृत्यु के लिए आवेदन दिए हैं। यह घटनाक्रम देश के पहले कोर्ट से मंजूर इच्छामृत्यु मामले के बाद सामने आया है, जिसने लोगों को इस दिशा में सोचने पर मजबूर किया है।इन आवेदनों में लोगों ने साफ तौर पर लिखा है कि अगर वे किसी गंभीर बीमारी का शिकार हो जाएं या किसी हादसे के बाद कोमा जैसी स्थिति में पहुंच जाएं, जहां ठीक होने की कोई उम्मीद न हो, तो उन्हें इच्छामृत्यु का विकल्प दिया जाए। इसके लिए उन्होंने 'लिविंग विल' भी तैयार कर नोटरी करवाई है और संबंधित अधिकारियों को जमा किया है।मुंबई की मेयर रितु तावड़े ने इस मुद्दे पर स्पष्ट किया कि बीएमसी इन आवेदनों को सिर्फ सुरक्षित रख रही है। उन्होंने कहा, जो भी मरीज इच्छामृत्यु के लिए पत्र देता है, हम उसे सुरक्षित रखते हैं, लेकिन उसे लागू करने का अधिकार हमारे पास नहीं है। यह जिम्मेदारी परिवार की होती है। कोर्ट ने हमें इन दस्तावेजों को रखने की अनुमति दी है, लेकिन उन्हें लागू करने का अधिकार नहीं दिया है।दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले के बाद, जिसमें भारत में निष्क्रिय इच्छामृत्यु को कानूनी मान्यता दी गई, बीएमसी ने हर वार्ड में मेडिकल अधिकारियों को 'लिविंग विल' पर नजर रखने की जिम्मेदारी दी है। जो भी व्यक्ति लिविंग विल जमा करना चाहता है, उसे नोटरी फॉर्मेट में दस्तावेज तैयार कर अपने वार्ड ऑफिस में जमा करना होता है।फिलहाल बीएमसी के पास कुल 75 आवेदन जमा हो चुके हैं। प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए राज्य सरकार एक ऑनलाइन पोर्टल या ऐप तैयार करने पर काम कर रही है, ताकि लोग आसानी से आवेदन कर सकें। इस पूरे मामले की पृष्ठभूमि में हरीश राणा का केस है, जो भारत में कोर्ट से मंजूर इच्छामृत्यु पाने वाले पहले व्यक्ति थे। 31 वर्षीय हरीश राणा का निधन दिल्ली के एम्स में हुआ, जहां उन्हें पेलिएटिव केयर दी जा रही थी।हरीश राणा 2013 से कोमा में थे। वह उस समय इंजीनियरिंग के छात्र थे और चौथी मंजिल से गिरने के बाद उन्हें गंभीर सिर की चोट लगी थी।

## मथुरा विवाद : इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई टली, अब 10 अप्रैल को होगी अगली सुनवाई

प्रयागराज (आरएनएस)। इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद से जुड़े मामलों की शनिवार को प्रस्तावित सुनवाई टाल दी गई है। अब इस मामले पर अगली सुनवाई 10 अप्रैल को होगी। इस बहुचर्चित और संवेदनशील मामले पर देशभर की नजरें बनी हुई हैं।



हाईकोर्ट में पिछले कई महीनों से इस विवाद से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई जारी है। हिंदू पक्ष की ओर से दायर याचिकाओं में शाही ईदगाह मस्जिद को हटाने और विवादित भूमि पर अधिकार की मांग की गई है। अदालत अब 10 अप्रैल को इन याचिकाओं पर आगे की प्रक्रिया तय कर सकती है। वर्तमान में हाईकोर्ट में हिंदू पक्ष की कुल 18 याचिकाएं लंबित हैं। वहीं, मस्जिद पक्ष ने 22 अगस्त को सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 151 के तहत एक आवेदन दाखिल किया था। इस आवेदन में सभी समेकित मुकदमों की आगे की कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की गई है, जिस पर भी अदालत को विचार करना है।यह मामला केवल हाईकोर्ट तक सीमित नहीं है बल्कि सुप्रीम कोर्ट में भी इससे जुड़े विभिन्न पहलुओं पर सुनवाई जारी है। दोनों अदालतों में चल रही कार्यवाही के कारण यह विवाद राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बना हुआ है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के मथुरा में स्थित यह विवादित स्थल लंबे समय से कानूनी और ऐतिहासिक बहस का केंद्र रहा है। हिंदू पक्ष का दावा है कि 17वीं सदी में मुगल शासक औरंगजेब के शासनकाल में यहां स्थित प्राचीन केशवदेव मंदिर को तोड़कर मस्जिद का निर्माण कराया गया था। उनका कहना है कि यह स्थल भगवान कृष्ण का जन्मस्थान है।





# वाराणसी में 31 मार्च को एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में एमपी-यूपी सहयोग को मिलेगा नया आयाम*
*सहयोग सम्मेलन से निवेश, निर्यात, ओडीओपी, शिल्प और पर्यटन को मिलेगी नई गति*

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार 31 मार्च 2026 को वाराणसी में आयोजित होने वाले एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन 2026 के माध्यम से अंतरराज्यीय सहयोग को एक ठोस, परिणामोन्मुख और वैश्विक दृष्टि से जोड़ने की दिशा में निर्णायक पहल करेगी। यह सम्मेलन महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत संवाद के साथ ही ओडीओपी, जीआई टैग, पारंपरिक शिल्प, निर्यात योग्य उत्पादों, निवेश और पर्यटन को एकीकृत करते हुए एक व्यापक आर्थिक इकोसिस्टम तैयार करने की दिशा में कार्य करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की सक्रिय उपस्थिति इस आयोजन को नीति-निर्माण से आगे बढ़ाकर क्रियान्वयन आधारित सहयोग की दिशा में परिवर्तित करेगी, जिससे दोनों राज्यों के बीच विकास का एक सशक्त और दीर्घकालिक मॉडल विकसित होगा।

### अध्ययन भ्रमण से विकसित होगा आधुनिक तीर्थ प्रबंधन का दृष्टिकोण

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के अध्ययन भ्रमण से होगी, जहां क्राउड फ्लो डिजाइन, अधोसंरचना लेआउट और तीर्थयात्री प्रबंधन प्रणालियों का गहन अवलोकन किया जाएगा। यह भ्रमण केवल एक निरीक्षण नहीं होगा, बल्कि आधुनिक शहरी नियोजन और तीर्थस्थल प्रबंधन के सफल मॉडल को समझने का अवसर प्रदान करेगा। इस अनुभव के आधार पर मध्यप्रदेश में धार्मिक स्थलों के विकास, सुविधाओं के विस्तार और व्यवस्थागत सुधार के लिए व्यवहारिक दृष्टिकोण विकसित किया जाएगा, जिससे तीर्थ पर्यटन को अधिक सुव्यवस्थित और आकर्षक बनाया जा सकेगा।



### ओडीओपी, जीआई और निर्यात योग्य उत्पादों को मिलेगा एकीकृत वैश्विक मंच

सम्मेलन में ओडीओपी, जीआई टैग उत्पादों, पारंपरिक शिल्प, कृषि एवं फूड उत्पादों को ब्रांडिंग, मार्केटिंग और निर्यात से जोड़ने पर विशेष फोकस रहेगा। उत्तरप्रदेश की ओडीओपी पहल के अनुभवों और उसके आर्थिक प्रभावों की प्रस्तुति से यह स्पष्ट होगा कि किस प्रकार स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक बनाया जा सकता है। इस मंच पर दोनों राज्यों के उत्पादों की विशिष्टताओं को रेखांकित करते हुए उन्हें एक साझा ब्रांडिंग दृष्टिकोण के तहत प्रस्तुत करने की दिशा में विचार-विमर्श होगा, जिससे निर्यात संवर्धन और मूल्य संवर्धन के नए अवसर विकसित होंगे।

### एमओयू से सुदृढ़ होगी व्यापार, निवेश और कौशल विकास की साझेदारी

सम्मेलन में मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के बीच एमओयू हस्ताक्षर किए जाएंगे, जिनके माध्यम से व्यापारिक सहयोग, औद्योगिक निवेश, कौशल विकास, हस्तशिल्प संवर्धन और पर्यटन क्षेत्र में साझेदारी को औपचारिक रूप दिया जाएगा। यह समझौता केवल दस्तावेजी प्रक्रिया तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे जमीनी स्तर पर लागू करते हुए उद्योगों, उद्यमियों और शिल्पकारों के लिए नए अवसर सृजित किए जाएंगे। ओडीओपी उत्पादों के आदान-प्रदान से स्थानीय उत्पादों को नए बाजारों तक पहुंचाने और उनकी ब्रांड वैल्यू बढ़ाने की दिशा में ठोस पहल की जाएगी।

### उद्योग, नीति-निर्माता और शिल्पकारों को मिलेगा साझा संवाद मंच

यह सम्मेलन उद्योग जगत, निवेशकों, शिल्पकारों, कृषि एवं फूड उत्पादकों और नीति-निर्माताओं को एक व्यापक और समावेशी मंच प्रदान करेगा, जहां वे नीतिगत प्रोत्साहनों, अधोसंरचना विकास, लॉजिस्टिक सपोर्ट और निवेश अवसरों पर गहन चर्चा करेंगे। वस्त्र एवं परिधान, हस्तशिल्प, एमएसएमई, खाद्य प्रसंस्करण, लॉजिस्टिक्स और पर्यटन जैसे विविध क्षेत्रों की सहभागिता इस आयोजन को बहु-आयामी बनाएगी। इससे उद्योग-सरकार समन्वय को मजबूती मिलेगी और निवेश निर्णयों को गति प्रदान करने वाला वातावरण तैयार होगा।सम्मेलन के अंतर्गत आयोजित प्रदर्शनी में मध्यप्रदेश के ओडीओपी उत्पादों, जीआई टैग हस्तशिल्प, पारंपरिक वस्त्रों, निवेश संभावनाओं, औद्योगिक क्षमताओं और प्रमुख पर्यटन स्थलों को एकीकृत रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। यह प्रदर्शनी केवल प्रदर्शन का माध्यम नहीं होगी।

## ममता की छांव और उम्मीद की नई किरण : श्रीमती अनामिका जैन के सेवा संकल्प की अनकही दास्तान



भोपाल,(निप्र.)। समाज में अक्सर जिन्हें हम विक्षिप्त कहकर अनदेखा कर देते हैं, उनके पीछे छिपी पीड़ा और खोई हुई पहचान को वापस लौटाने का बीड़ा मंदसौर की एक बेटी ने उठाया है। संजीत (मंदसौर) की रहने वाली श्रीमती अनामिका जैन आज उन बेसहारा महिलाओं के लिए मसीहा बन चुकी हैं, जिनका अपना कोई ठिकाना नहीं था। अनामिका जी का सेवा का सफर 17-18 साल पहले उनके पिता के साथ शुरू हुआ था। मास्टर ऑफ सोशल वर्क (MSW) की पढ़ाई कर चुकीं अनामिका ने जब समाज के सबसे उपेक्षित तबके—निराश्रित और विक्षिप्त महिलाओं—की स्थिति देखी, तो उनका मन पसीज गया।शुरुआत में वे सात वर्षों तक इन महिलाओं की देखरेख कर उन्हें इंदौर या उज्जैन के अनाथालयों में भेजती थीं। लेकिन कई बार जगह की कमी के कारण जब उन्हें वहां से वापस लौटा दिया जाता, तो वह बेबसी अनामिका जी को सोने नहीं देती थी। इसी पीड़ा ने अनामिका जनकल्याण सेवा समिति विक्षिप्त आश्रय गृह की नींव रखी। वर्ष 2018 में प्रशासन के सहयोग से उन्होंने एक शासकीय भवन (500 क्वार्टर, रेवास देवड़ा रोड) में इस आश्रय गृह की स्थापना की। यह मध्य प्रदेश का ऐसा पहला आश्रम बना, जो न केवल महिलाओं को छत देता है, बल्कि उनके पुनर्वास (Rehabilitation) पर केंद्रित है।इन महिलाओं को दवा से ज्यादा एक परिवार और प्यार की जरूरत होती है, अनामिका जी कहती हैं।

## वृहद विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन आज कैरियर कॉलेज में

भोपाल,(निप्र.)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर से प्राप्त निर्देशानुसार वृहद विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन 29 मार्च को प्रात: 11:30 बजे कैरियर कॉलेज भोपाल के सभागार में शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आमजन को विधिक सहायता की जानकारी प्रदान एवं समस्याओं का निवारण किया जाएगा। विधिक जागरूकता शिविर के लिए नोडल अधिकारी, शासन के विभिन्न विभागों जैसे राजस्व विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, महिला एवं बाल विकास, नगर निगम के स्टॉल एवं आमजन को विधिक सहायता एवं शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा।

# मुआवज़ा नीति पर कोई ठोस पॉलिसी हो सरकार के पास : उमंग सिंघार



भोपाल,(निप्र.)। मध्य प्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने शनिवार को अपने सरकारी आवास में पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रदेश में बढ़ती दुर्घटनाओं, प्रशासनिक लापरवाही और मुआवज़ा नीतियों में भेदभाव को गंभीर चुनौती बताया। उन्होंने राज्य और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए बढ़ती दुर्घटनाओं और छिंदवाड़ा हादसे का जिक्र करते हुए कहा कि देश और प्रदेश में वर्तमान स्थिति इमरजेंसी जैसी हो गई है। सिंघार ने छिंदवाड़ा बस हादसे का हवाला देते हुए कहा कि यह हादसा मुख्यमंत्री की सभा से लौट रही बस में हुआ, जिसमें 10 लोगों की मौत और लगभग 40 लोग घायल हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार और प्रशासन ने सभा में भीड़ जुटाने के लिए सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया। जनता की सुरक्षा भगवान भरोसे छोड़ देना चिंताजनक और निंदनीय है। सिंघार ने बताया कि कांग्रेस विधायक दल मृतकों के परिवारों को 50,000 रुपए की आर्थिक मदद देगा। नेता प्रतिपक्ष ने प्रदेश की मुआवज़ा नीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि पिछली घटनाओं में अलग-अलग मुआवज़ा राशि दी गई है। भागीरथपुरा हादसे में 2 लाख दिए जाते हैं, कहीं और 1 लाख। सरकार के पास कोई ठोस यूनिफॉर्म पॉलिसी क्यों नहीं है?

भागीरथपुरा दूषित पानी कांड - 2 लाख रूपये
छिंदवाड़ा कफ सिरप कांड - 4 लाख रूपये
एम.वाय. अस्पताल चूहा कांड - 5 लाख रूपये
छिंदवाड़ा बस हादसा - 8 लाख रूपये (प्रारंभ में केवल 4 लाख रूपये की घोषणा)

उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि मृतकों के परिवारों को मुआवज़ा पाने के लिए विभागों में भटकना पड़ता है, जबकि सरकार ने उद्योगपतियों के लिए सिंगल विंडो सिस्टम बना दिया कि उन्हें जमीन से लेकर तमाम एनओसी और सुविधाएं मिल जाएंगी। उधर, किसी गरीब की सरकारी सिस्टम की खामी की वजह से मौत होती है तो उसे मुआवजे के लिए दफ्तरों में भटकना पड़ता है। उन्होंने कहा किगरीबों के लिए भी 24 घंटे में सहायता राशि की व्यवस्था होनी चाहिए।

### गैस संकट और बुनियादी जरूरतों की कमी

सिंघार ने एलपीजी संकट का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश में लगभग 1.75 करोड़ परिवार गैस कनेक्शन पर निर्भर हैं, जबकि पिछले 20 दिनों से सिलेंडर की भारी कमी से छोटे उद्योग, होटल और रेस्टोरेंट प्रभावित हो रहे हैं। उज्ज्वला योजना के तहत 88 लाख लाभार्थी हैं, लेकिन आज भी सिलेंडर उपलब्ध नहीं हैं। उन्होंने केंद्र सरकार पर भी निशाना साधा और कहा कि अगर ईरान-अमेरिका तनाव के कारण तेल और गैस आपूर्ति प्रभावित हुई तो मध्य प्रदेश में जनता को भारी संकट का सामना करना पड़ेगा।

### सड़कें असुरक्षित, दुर्घटनाओं में एमपी देश में नंबर-2

सिंघार ने सरकारी आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि पिछले 5 वर्षों में मध्यप्रदेश में 65,000 दुर्घटनाएं हुई हैं। केवल 2024 में अब तक 14,791 मौतें हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्रशासनिक रुचि केवल टेंडर और कमीशन वाले कामों में रहती है। सरकार जनता की जान और रोज़मर्रा की जरूरतों के प्रति संवेदनशील नहीं है।

## 1 अप्रैल से महंगा होगा टोल

### 5-10 प्रतिशत तक बढ़ेंगे दाम

भोपाल (ए.)। वाहन चालकों के लिए 1 अप्रैल से सफर महंगा होने जा रहा है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा टोल टैक्स में 5 से 10 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की जा रही है, जो हर साल की तरह इस बार भी लागू होगी। इस बढ़ोतरी का सीधा असर जबलपुर से नागपुर, रायपुर, प्रयागराज और भोपाल जैसे प्रमुख शहरों की यात्रा पर पड़ेगा। वाहन चालकों को अब हर टोल प्लाजा पर ज्यादा राशि चुकानी होगी। जानकारी के अनुसार, जबलपुर के आसपास स्थित टोल प्लाजा पर कार चालकों को 5 से 10 रुपए तक अतिरिक्त शुल्क देना पड़ सकता है। वहीं फास्टेग के जरिए मिलने वाले करीब 3 हजार रुपए के एनुअल पास में भी लगभग 75 रुपए तक की बढ़ोतरी की संभावना है।

टोल टैक्स की दरें होलसेल प्राइस इंडेक्स के आधार पर तय की जाती हैं। हर साल के अंत में इंडेक्स का मूल्यांकन कर सडक़ परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय नए रेट जारी करता है। टोल की राशि सडक़ की लंबाई और उस पर बने इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे फ्लाईओवर, अंडरपास, टनल आदि के आधार पर भी तय होती है। जहां ज्यादा सुविधाएं होती हैं, वहां टोल भी अधिक लगता है। वाहन चालकों का कहना है कि टोल बढ़ाना समझ में आता है, लेकिन सडक़ों का मेंटेनेंस भी उतना ही जरूरी है। भोपाल रोड की हालत खराब बताई जा रही है, जबकि बरेला के आगे अभी भी काम जारी है। इसके बावजूद पूरा टोल वसूला जा रहा है, जिससे लोगों में नाराजगी है। जबलपुर से दमोह, सागर अभी हाईवे घोषित है, लेकिन बना नहीं है, जिसके चलते यह अभी स्टेट हाइवे की श्रेणी में आता है। इसी तरह से जबलपुर से पाटन, तेंदूखेड़ा जबलपुर से गोटेगांव में स्टेट हाईवे को टोल है। वाहन मालिकों का कहना है कि टोल टैक्स बढ़ाए जाना अच्छा है, पर सडक़ का मेंटेनेंस भी जरुरी होता है। उनका कहना है कि सडक़ को साल भर मेनटेन नहीं किया जाता है। भोपाल रोड अभी भी खराब है। इसके बाद भी टोल पूरा देना पड़ता है। इसी तरह बरेला के आगे काम चल रहा है।

## पत्नी और नाबालिक बेटे को हथियार बनाकर बनाई थी डकैती डालने की योजना

*- पुलिस ने धारदार हथियारो सहित गैंग को किया गिरफ्तार*
*- सरगना करता था गांजा-चरस तस्करी, नशीला पदार्थ भी जप्त*



भोपाल(ए.)। पुराने शहर की थाना शाहजहाँनाबाद पुलिस ने एक ऐसे आदतन बदमाश उसकी पत्नि सहित चार आरोपियो को गिरफ्तार किया है, जिसने अपने साथियो के साथ मिलकर डकैती डालने की योजना बनाई थी। हैरानी की बात यह है, की गैंग के मास्टर मांइड ने इस डकैती में अपनी पत्नि और नाबालिग बेटे को आगे रखते हुए उनका इस्तेमाल करने की प्लानिंग की थी। पुलिस ने मामले में उसकी की पत्नि को भी आरोपी बनाया है। गैंग का सरगना गांजा-चरस की तस्करी भी करता था, पुलिस ने उसके पास से नशीला पदार्थ भी जप्त किया है। थाना प्रभारी उमेश पाल सिंह चौहान से मिली जानकारी के अनुसार बीते दिन टीम को मुखबिर से सूचना मिली की इलाके में सुनसान स्थान पर कुछ संदिग्ध हथियारो से लैस होकर किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। इनपुट मिलते ही दो पुलिस टीमो ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी करते हुए सभी संदेहियो को पकड़ लिया।

### - रामनगर इलाके में थी डकैती डालने की योजना

पूछताछ करने पर उनकी पहचान ऐजाज खान ऊर्फ लंगडा पिता छोटे खान (25) निवासी झुग्गी बस्ती मदर इंडिया कालोनी शाहजहाँनाबाद उसकी पत्नि आसिया खान (25) निवासी, मल्टी वाजपेयी नगर ईदगाह हिल्स और अन्य आरोपियो की पहचान अरबाज खान पिता छोटे उर्फ जहीर खान (21) निवासी, थाना कोतवाली, रायसेन, आशन अली पिता जावेद अली (20) निवासी, मदर इंडिया कालोनी शाहजहाँनाबाद सहित एक नाबालिग किशोर के रुप में हुई। संदेहियो की तलाशी लेने पर उनके पास से 5 चाकू-छुरी एवं तलवार सहित लोहे की राड, डंडा, टार्च, प्लास्टिक की बोरी जप्त की गई है। संदेह होने पर जब उनसे पुलिसिया अंदाज में पूछताछ की गई तब उन्होनें खुलासा किया की उन्होनें रामनगर में डकैती डालने की योजना बनाई थी,और इसी को अंजाम देने के लिये यहॉ आये थे।

पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ की गिरोह का सरगना एजाज है, जिसने डकैती के दौरान रहवासियो के किसी भी तरह के संदेह और पुलिस की नजरो से बचने के लिये अपनी पत्नी और नाबालिक बेटे को भी शामिल किया था। सरगना ऐजाज गांजा, चरस की तस्करी भी करता था, पुलिस ने उसके पास से 599 ग्राम अवैध गांजा और 106 ग्राम चरस भी बरामद की है। सभी आरोपियो के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओ में मामला कायम किया है। गिरफ्तार आरोपियो से अन्य वारदातो के साथ ही उनके पास से बरामद अवैध हथियारो के संबंध मे पूछताछ की जा रही है। वहीं नाबालिग किशोर को बाल कल्याण अधिकारी की सुरक्षा मे रखा गया है। जॉच में सामने आया की सरगने ऐजाज के खिलाफ 10 और आसिया, अरबाज, आशन के खिलाफ 1-1 अपराधिक मामले दर्ज है।

## धरती माता और भावी पीढ़ी को स्वस्थ रखने के लिए करें प्राकृतिक खेती : उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

### कृषि एवं विज्ञान में नवाचार विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन का किया शुभारंभ

भोपाल (ए.)। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कृषि महाविद्यालय रीवा में विकसित भारत 2047 के लिए विज्ञान और कृषि में नवाचार विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन शुभारंभ किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि खेती हमारी अर्थव्यवस्था का आधार है। हम वर्तमान में विपुल अन्न और फल सब्जियों का उत्पादन कर रहे हैं। उत्पादन बढ़ाने के लिए हमने खाद और कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग किया है, जिसके कारण धरती माता बीमार हो गई हैं। धरती माता को स्वस्थ रखना और भावी पीढ़ी को स्वस्थ जीवन देने के लिए प्राकृतिक खेती इस समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है । गोपालन पर आधारित प्राकृतिक खेती से ही हमें अच्छे स्वास्थ्य की नेमत मिलेगी। हर किसान अपनी कुल जमीन के दस प्रतिशत भाग पर प्राकृतिक विधि से अनाज फल और सब्जी का उत्पादन करें जिससे कम से कम उसके परिवार को रसायन रहित पौष्टिक आहार मिल सके।



# मप्र के 8 शहरों में बनेंगे ईवी चार्जिंग स्टेशन

## - ई-बसों के लिए 63.22 करोड़ की स्वीकृति



भोपाल (ए.)। पेट्रोल-डीजल वाहनों पर निर्भरता कम करने और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। पीएम-ई ड्राइव योजना के तहत मध्य प्रदेश के भोपाल, इंदौर समेत आठ प्रमुख शहरों में पब्लिक इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए नगरीय निकायों से उपयुक्त स्थान चिन्हित करने को कहा गया है, जबकि अनुदान केंद्र सरकार उपलब्ध कराएगी। केंद्र के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने इन शहरों में ई-बस संचालन के लिए 63.22 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है, जिसमें से 57।13 करोड़ रुपये पहले ही जारी किए जा चुके हैं। वहीं, भारी उद्योग मंत्रालय के माध्यम से चार्जिंग स्टेशन के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी।

### इन शहरों में बनेगा नेटवर्क

राज्य के जिन शहरों को योजना में शामिल किया गया है, उनमें भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन, सागर, देवास और सतना शामिल हैं। इन सभी नगर निगमों से प्रस्ताव मांगे गए हैं, ताकि चरणबद्ध तरीके से चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा सकें।

### भीड़भाड़ वाले स्थानों पर फोकस

नगरीय निकायों को निर्देश दिए गए हैं कि वे ऐसे स्थान चिन्हित करें, जहां लोगों की आवाजाही अधिक हो और पार्किंग की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध हो। इसके तहत बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, बड़े बाजार, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और प्रमुख सडक़ों के आसपास चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा सकते हैं।

### प्रदूषण में कमी और निवेश को बढ़ावा

पीएम-ई ड्राइव योजना का मुख्य उद्देश्य इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देना और प्रदूषण को कम करना है। चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर बढने से न केवल आम लोगों को सुविधा मिलेगी, बल्कि इस क्षेत्र में निजी निवेश भी बढ़ेगा। लोक निर्माण विभाग के चीफ इंजीनियर बी।पी। पटेल के मुताबिक, शहरों में चार्जिंग स्टेशनों का नेटवर्क विकसित होने से इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या में तेजी आएगी और पेट्रोल-डीजल पर निर्भरता घटेगी, जिससे पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी।

## भोपाल में होगा तीन राज्यों के युवा विधायकों का सम्मेलन

भोपाल (ए.)। मध्यप्रदेश विधानसभा में युवा विधायकों का दो दिवसीय सम्मेलन 30 और 31 मार्च, 2026 को विधानसभा के विधान परिषद हाल में आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में राष्ट्रकुल संसदीय संघ (भारत क्षेत्र 6) के तीन राज्य में मध्यप्रदेश के 18, छत्तीसगढ़ के 15 तथा राजस्थान के 22 युवा विधायक सम्मिलित होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी और छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 30 मार्च को उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन के प्रथम दिवस 'लोकतंत्र और नागरिकों की भागीदारी को मजबूत करने के लिये युवा विधायकों की भूमिका' विषय पर मंथन होगा। प्रथम दिवस माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी युवा विधायकों को संबोधित करेंगे।

## स्कूटी से शराब तस्करी कर रहा युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे




भोपाल(ए.)। थाना हनुमानगंज पुलिस ने 63 लीटर देशी शराब के साथ एक ऐसे आरोपी को दबोचा है, जो स्कूटी से शराब तस्करी कर रहा था। थाना प्रभारी हनुमानगंज निरीक्षक अवधेश सिंह भदौरिया से मिली जानकारी के अनुसार बीते दिन मुखबिर से सूचना मिली की इलाके में समांतर रोड पर एक संदिग्ध व्यक्ति अवैध शराब लेकर उसकी डिलेवरी देने की फिराक में खड़ा है। खबर मिलते ही टीम ने घेराबंदी कर संदेही युवक को पकड लिया, उसकी पहचान आकाश प्रजापति पिता हरी शंकर प्रजापति (23) निवासी विजय नगर कालारी के सामने किराये का मकान सांई राम कालोनी सेमरा गेट, स्टेशन बजरिया के रुप में हुई। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से करीब 28 हजार कीमत की 63 लीटर देशी शराब जप्त की गई।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट का प्रकरण दर्ज कर शराब सहित तस्करी में इस्तेमाल की जा रही स्कूटी को जप्त कर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से शराब लाने और उसे खपाने के संबध में आगे की पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया की पकड़े गये आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के थाना स्टेशन बजरिया में दो और थाना हनुमानगंज में एक प्रकरण दर्ज है।

# उपनगर ग्वालियर में विकास की गति निरंतर जारी रहेगी : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

## ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने 1.82 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन




ग्वालियर (ए.)। ऊर्ज मंत्री श्री तोमर ने कहा कि विकास और जन-सुविधाओं के विस्तार के लिये प्रदेश सरकार कटिबद्ध है। इसी संकल्प को चरितार्थ करते हुए उपनगर ग्वालियर में विकास कार्यों की श्रृंखला जारी है। उन्होंने शनिवार को शहर के वार्ड क्र.-6 के अंतर्गत विभिन्न बस्तियों में 01 करोड़ 82 लाख से अधिक लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि क्षेत्र में विकास की गति इसी प्रकार निरंतर जारी रहेगी। आज जिन कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण हुआ है उनसे क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी। साथ ही बुनियादी सुविधाओं का विस्तार होगा। उन्होंने कहा कि उपनगर की दशा बदल रही है, बिरला नगर प्रसूतिगृह, सिविल अस्पताल हजीरा के साथ ही दीनदयाल औषधालय लधेड़ी में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। श्री तोमर ने कहा कि एलीवेटेड रोड बनने से यातायात सुगम होगा। शीघ्र ही राठौर चौक से सागरताल रोड का कार्य भी प्रारंभ होगा। भूमि पूजन के अवसर अशोक शर्मा, महेश भदौरिया, दीपक मांझी, हेतराम मांझी, कृष्ण राव दीक्षित, धीरू यादव, राकेश मांझी, भगवानदास मांझी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने उप नगर ग्वालियर में वार्ड-6 में 1.82 करोड़ से अधिक राशि की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।

# दतियाः पुलिस ने आयोजित की 'रन फॉर यूनिटी' साइकिल रैली

दतिया,(ए.)। मध्य प्रदेश के दतिया में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत शनिवार को "रन फॉर यूनिटी (साइकिल मैराथन)" का आयोजन किया गया। साइकिल रैली का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक दतिया सूरज कुमार वर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली थाना कोतवाली से प्रारंभ होकर पीतांबरा पीठ मंदिर, बम-बम महादेव मंदिर एवं गल्ला मंडी मार्ग से होते हुए थाना सिविल लाइन पर समापन हुआ। साइकिल रैली में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार शिवहरे, रक्षित निरीक्षक सौरभ तिवारी, निरीक्षक वैभव गुप्ता, निरीक्षक सपना शर्मा, सूबेदार अजय वर्मा, सूबेदार नईम खान सहित जिला पुलिस बल, 29वीं वाहिनी विसबल दतिया के अधिकारी/कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता बनाए रखने का संदेश दिया गया तथा स्वस्थ जीवन शैली अपनाने हेतु प्रेरित किया गया।

# प्रभु श्रीराम जी का जीवन हमें धैर्य, विवेक और सत्यता के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है



ग्वालियर (ए.) । प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्व विद्यालय के द्वारा माधवगंज स्थित प्रभु उपहार भवन में राम नवमी के पावन अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आकर्षक झांकी सजाई गई, जिसका दर्शन लाभ सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्राप्त किया। इसके साथ ही बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दी गईं, जिन्होंने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज़ केंद्र प्रमुख बीके आदर्श दीदी ने सभी को श्रीराम नवमी की शुभकामनाएँ दीं। और कहा कि आज हम सभी प्रभु श्री राम का जन्मोत्सव /अवतरण दिवस बड़ी ही धूमधाम से मना रहे है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन त्याग, तप, धैर्य और आदर्शों की अद्भुत गाथा है। उन्होंने बताया कि श्रीराम ने राजमहल के वैभव को त्यागकर वनवास को सहर्ष स्वीकार किया और हर परिस्थिति में सत्य, साहस और संयम का मार्ग अपनाया। आज के समय में, जब छोटी-छोटी चुनौतियाँ भी हमें विचलित कर देती हैं, तब प्रभु श्रीराम का जीवन हमें धैर्य, विवेक, सत्यता और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

कार्यक्रम में उपस्थित सिविल जज शिवकांत कुशवाह ने कहा कि वर्तमान समय में भौतिक शिक्षा के साथ-साथ आध्यात्मिक शिक्षा का होना अत्यंत आवश्यक है। आध्यात्मिक शिक्षा हमें सही और गलत का बोध कराती है, नैतिक मूल्यों का विकास करती है और हमें एक जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करती है।

कार्यक्रम में राजयोगी बीके प्रहलाद भाई ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मनुष्य जीवनभर धन और प्रतिष्ठा अर्जित करता है, लेकिन अंततः उसके साथ केवल उसके श्रेष्ठ कर्म और संस्कार ही जाते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में आने वाली चुनौतियों से घबराने के बजाय हर्षित मन, धैर्य और आत्मविश्वास के साथ उनका सामना करना चाहिए। प्रत्येक कठिनाई हमें अधिक मजबूत और अनुभवी बनाती है।

अंत में सभी को यह संकल्प दिलाया गया कि वे अपने जीवन में सत्य, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा को सर्वोच्च स्थान देंगे तथा सकारात्मक सोच के साथ अपने लक्ष्य की ओर निरंतर अग्रसर रहेंगे।

# बालिका के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

ब्यावरा(ए.)। पुलिस अधीक्षक र अमित तोलानी , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे एवं एसडीओपी ब्यावरा प्रकाश शर्मा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में थाना देहात ब्यावरा पुलिस द्वारा बालिका के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को त्वरित कार्यवाही करते हुए 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। जानकारी अनुसार गत22 मार्च को फरियादी बालिका घर पर अकेली थी। उसकी माता रिश्तेदारी में गई हुई थी एवं पिता कार्यालय गए थे। इसी दौरान आरोपी देवराज पिता हीरा सिंह, निवासी कुंडीबे थाना कालीपीठ बालिका के घर पहुंचा और रतलामी सेव का पैकेट मांगा।

बालिका द्वारा दुकान बंद होने की बात कहने पर आरोपी ने बालिका को बहला-फुसलाकर अपनी गर्लफ्रेंड बनने के लिए कहा तथा बुरी नियत से उसका



हाथ पकड़ लिया। बालिका के चिल्लाने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। भय के कारण बालिका ने तत्काल घटना की जानकारी किसी को नहीं दी। बाद में 24 मार्च को बालिका ने हिम्मत कर अपने परिजनों को घटना बताई, जिसके बाद उसके पिता के साथ थाना देहात ब्यावरा पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

फरियादी बालिका की शिकायत पर थाना देहात ब्यावरा में अपराध क्रमांक 0098/2026 धारा 74, 75(1)(i), 78(2), 351(3) बीएनएस एवं 7/8 पॉक्सो एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

आरोपी की गिरफ्तारी हेतु विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा गहन जांच एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपी देवराज को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की जिसमें आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार करने पर उसे माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रवीण जाट, एएसआई गुलाबचंद धाकड़, प्रधान आरक्षक गजराज सिंह, प्रधान आरक्षक चंद्रमोहन बघेल, आरक्षक राजेश यादव एवं आरक्षक पुष्पेंद्र आर्य का विशेष योगदान रहा।

# देवास के ग्राम शिप्रा के 40 फीट गहरे कुएं में मजदूर गिरे, तीन घायल, एक की हालत गंभीर

देवास,(ए.)। मध्य प्रदेश के देवास जिले के ग्राम शिप्रा में शनिवार को एक खतरनाक हादसा हो गया। यहां कुएं में काम करते समय पालकी का बेल्ट टूटने से तीन मजदूर करीब 40 फीट गहरे कुएं में जा गिरे। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिनमें से एक की हालत नाजुक बताई जा रही है। जानकारी अनुसार मामला शनिवार दोपहर का है। मजदूर कुएं से बांस निकालने के लिए पालकी में बैठकर नीचे उतर रहे थे। इसी दौरान पालकी का बेल्ट टूट गया और तीन मजदूर रामचरण, पप्पू और संजू कुएं में जा गिरे। हादसे के समय कुएं में कोई सुरक्षा उपकरण मौजूद नहीं था।घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय ग्रामीण और अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। काफी मशक्कत के बाद तीनों को कुएं से बाहर निकाला गया और एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है। मजदूरों ने बताया कि वे राजगढ़ जिले के निवासी है और ठेकेदार चौराहे से शिप्रा के समीप किसी गांव में ले गया था।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म

## - मारपीट,धमकी और न्यूड फोटो-वीडियो बनाकर ब्लैकमेल

दतिया (ए.)। सोशल मीडिया पर हुई दोस्ती के बाद ग्वालियर की 19 वर्षीय युवती ने युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, मारपीट, धमकी और न्यूड फोटो-वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। मामले में कोतवाली पुलिस ने विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के अनुसार करीब दो महीने पहले इंस्टाग्राम पर उसकी पहचान दतिया के कोटरा निवासी विवेक रावत से हुई थी। बातचीत बढ़ने पर आरोपी ने शादी का भरोसा दिया और 6 मार्च को उसे ग्वालियर के चेतकपुरी बुलाया। इसके बाद वह उसे बाइक से दतिया ले आया। युवती का आरोप है कि आरोपी ने पीतांबरा मंदिर घुमाने का झांसा देकर उसे होटल ले गया। वहां धमकाकर उसके साथ मारपीट की और दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपी ने उसके न्यूड फोटो और वीडियो भी बना लिए।



घटना के बाद आरोपी ने युवती का मोबाइल अपने पास रख लिया और इंस्टाग्राम आईडी व पासवर्ड हासिल कर लिया। इसके बाद वह उसी आईडी से उसके दोस्तों से पैसे मांगने लगा। इतना ही नहीं, वह लगातार युवती और उसके परिजनों को कॉल कर अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पैसे वसूलने की कोशिश करता रहा। मामला 25 मार्च को तब सामने आया जब आरोपी ने युवती के परिजनों और सहेलियों को उसके आपत्तिजनक फोटो और वीडियो भेज दिए।

## व्यापार समाचार

# RBI का बड़ा कदम, रुपए में गिरावट और सट्टेबाजी रोकने के लिए बैंकों को दिया रोजाना लिमिट लागू करने का निर्देश




नई दिल्ली(ए.)। रुपए में गिरावट को रोकने और सट्टेबाजी (स्पेकुलेटिव ट्रेडिंग) पर लगाम लगाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों को नया निर्देश दिया है। आरबीआई ने अधिकृत डीलर के रूप में काम करने वाले बैंकों को कहा है कि वे दिन के अंत तक रुपए में अपनी ओपन पोजीशन को 100 मिलियन डॉलर तक सीमित रखें। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब अमेरिकी-इजरायल और ईरान के बीच तनाव के कारण व्यापार घाटा बढ़ा है और रुपए पर दबाव बढ़ गया है। केंद्रीय बैंक ने कहा है कि सभी कमर्शियल बैंक इस रोजाना लिमिट को 10 अप्रैल तक लागू करें। साथ ही, जरूरत पड़ने पर बाजार की स्थिति के अनुसार यह लिमिट बदली भी जा सकती है।विशेषज्ञों का कहना है कि अगर रुपए में गिरावट जारी रहती है तो आरबीआई आगे और भी सख्त कदम उठा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि रुपए को सहारा देने के लिए आरबीआई ने अपने विदेशी मुद्रा भंडार (फॉरेक्स रिजर्व) का काफी इस्तेमाल किया है, जिससे उसकी हस्तक्षेप करने की क्षमता कुछ सीमित हो गई है।

शुक्रवार को रुपया पहली बार 94 प्रति डॉलर के नीचे चला गया और करीब 1 प्रतिशत गिरा। अमेरिकी-ईरान संघर्ष शुरू होने के बाद से अब तक इसमें कुल मिलाकर 4 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट आ चुकी है। वहीं ब्रेंट क्रूड की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बनी हुई है, जो आरबीआई के अक्टूबर में तय किए गए 70 डॉलर के अनुमान से काफी ज्यादा है। इससे भारत का आयात बिल बढ़ा है और महंगाई व मुद्रा संतुलन बनाए रखना आरबीआई के लिए मुश्किल हो गया है।एक रिपोर्ट के मुताबिक, अगर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आती है और बाजार का वैल्यूएशन (पी/ई रेशियो) कम होता है, तो भारतीय बाजार में तेजी लौट सकती है। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की रिपोर्ट के अनुसार, रुपया आने वाले समय में सुधरकर करीब 91 प्रति डॉलर तक पहुंच सकता है। साथ ही, 10 साल के सरकारी बॉन्ड की यील्ड भी मौजूदा 6.83 प्रतिशत से घटकर करीब 6.65 प्रतिशत तक आ सकती है। यह सामान्य स्थिति आने में 2-3 महीने लग सकते हैं।एक अन्य रिपोर्ट में कहा गया है कि ईंधन की कीमतें बढ़ने के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था अभी स्थिर बनी हुई है, लेकिन कच्चे तेल की कीमतें आगे भी देश के बाहरी संतुलन को प्रभावित करेंगी। अगर वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतें लगातार बढ़ती हैं, तो इससे भारत का चालू खाता घाटा (सीएडी) बढ़ सकता है और इसका असर आर्थिक विकास और महंगाई पर भी पड़ सकता है।

# IPHONE का तगड़ा फीचर, कोई अनलॉक फोन छीनकर भागे तो बस मुंह से बोलें यह एक शब्द; तुरंत हो जाएगा लॉक




नई दिल्ली(ए.)। अक्सर ऐसा होता है कि आप अपने आईफोन पर किसी से कोई जरूरी या प्राइवेट चैट कर रहे होते हैं और अचानक आपका कोई दोस्त या भाई-बहन मस्ती में आपका अनलॉक फोन छीनकर भाग जाता है। ऐसे में सबसे बड़ा डर यही सताता है कि कहीं वह आपकी पर्सनल चैट न पढ़ ले या गैलरी न खोल ले। अगर आप भी कभी इस तरह की मुसीबत में फंसे हैं, तो आईफोन का एक ऐसा छिपा हुआ फीचर है जो आपको इस शर्मिंदगी से पल भर में बचा सकता है। इस शानदार फीचर की मदद से अगर कोई आपका फोन छीनता है, तो आपको उसे हाथ लगाने की जरूरत नहीं है, बल्कि सिर्फ मुंह से एक शब्द बोलते ही आपका फोन तुरंत लॉक हो जाएगा।कैसे काम करता है एप्पल का यह जादुई 'वोकल शॉर्टकट' फीचर आईफोन में यूजर्स की सुविधा के लिए 'वोकल शॉर्टकट्स' नाम का एक बेहद कमाल का फीचर दिया गया है।

यह खास फीचर फोन की एक्सेसिबिलिटी सेटिंग के अंदर छिपा होता है। इस फीचर का मुख्य काम यह है कि आप अपने फोन के कई जरूरी कामों को बिना स्क्रीन छुए, सिर्फ अपनी आवाज से कंट्रोल कर सकते हैं।

# कैसे काम करता है एप्पल का यह जादुई 'वोकल शॉर्टकट' फीचर

नई दिल्ली(ए.)। आईफोन में यूजर्स की सुविधा के लिए 'वोकल शॉर्टकट्स' नाम का एक बेहद कमाल का फीचर दिया गया है। यह खास फीचर फोन की एक्सेसिबिलिटी सेटिंग के अंदर छिपा होता है। इस फीचर का मुख्य काम यह है कि आप अपने फोन के कई जरूरी कामों को बिना स्क्रीन छुए, सिर्फ अपनी आवाज से कंट्रोल कर सकते हैं। अगर आप चाहते हैं कि फोन को हाथ लगाए बिना ही आपके बोलने मात्र से डिवाइस तुरंत लॉक हो जाए, तो आपको अपने आईफोन में बस एक वोकल शॉर्टकट सेट करना होगा। इसके बाद आपकी आवाज ही आपके फोन का ताला बन जाएगी और आपकी प्राइवेसी पूरी तरह सुरक्षित रहेगी।

फोन में इस सेटिंग को चालू करने का यह है सबसे आसान तरीका इस शानदार फीचर को एक्टिवेट करने के लिए सबसे पहले आपको अपने आईफोन की सेटिंग्स में जाना होगा। इसके बाद एक्सेसिबिलिटी के सेक्शन में जाकर नीचे की तरफ स्क्रॉल करें। यहां आपको स्पीच सेक्शन के तहत वोकल शॉर्टकट्स का विकल्प मिलेगा, जिस पर क्लिक करके आपको इसका टॉगल ऑन कर देना है।

# वंदे भारत में यात्रियों की सेहत से खिलवाड़ पड़ा भारी, आईआरसीटीसी ने ठेकेदार को किया ब्लैकलिस्ट; अमूल को भी थमाया नोटिस

नई दिल्ली(ए.)। भारतीय रेलवे की सबसे प्रीमियम ट्रेनों में शुमार वंदे भारत एक्सप्रेस में परोसे गए खराब खाने को लेकर अब एक बड़ा एक्शन देखने को मिला है। पटना-टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस में एक यात्री को परोसे गए अमूल ब्रांड के खराब दही के मामले को आईआरसीटीसी (IRCTC) ने बेहद गंभीरता से लिया है। 15 मार्च को दर्ज की गई इस शिकायत के बाद आईआरसीटीसी ने सीधे अमूल कंपनी को नोटिस भेजकर जवाब तलब किया है। इसके साथ ही यात्रियों की सेहत के साथ हुए इस खिलवाड़ पर कैटरिंग ठेकेदार के खिलाफ भी सख्त कदम उठाते हुए भारी जुर्माना लगाया गया है। जानकारी के मुताबिक, यात्री की इस गंभीर शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आईआरसीटीसी ने ट्रेन के लाइसेंसी कैटरिंग ठेकेदार पर कड़ा जुर्माना लगाया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सिर्फ जुर्माना ही नहीं, बल्कि लाइसेंसी का कॉन्ट्रैक्ट पूरी तरह से समाप्त करने की आधिकारिक प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। इसके अलावा, भविष्य में ऐसी लापरवाही को रोकने के लिए उक्त ठेकेदार को सख्त हिदायत देते हुए ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई भी की जा रही है, ताकि वह आगे से रेलवे में किसी भी तरह की सेवाएं न दे सके।

# 52 डिग्री की भयंकर गर्मी में भी शिमला जैसी ठंडक, भारत में लॉन्च हुआ हवा साफ करने वाला अनोखा WINDOW AC

नई दिल्ली (ए.)। जापानी दिग्गज कंपनी शार्प (Sharp) ने भारतीय बाजार में एक बड़ा धमाका करते हुए देश का पहला ऐसा विंडो एसी लॉन्च किया है, जो कमरा ठंडा करने के साथ-साथ हवा को भी साफ करेगा। कंपनी ने इसे अपनी खास 'प्लाज्माक्लस्टर' तकनीक के साथ पेश किया है। इसका सीधा मतलब है कि अब ग्राहकों को चिलचिलाती गर्मी में ठंडी हवा तो मिलेगी ही, साथ ही घर के अंदर का प्रदूषण भी खत्म हो जाएगा। कंपनी ने Ryohu इन्वर्टर और Ryohu-FS (फिक्स्ड स्पीड) मॉडल्स को 1.5 टन से लेकर 2 टन तक की शानदार क्षमता के साथ बाजार में उतारा है।

## 52 डिग्री के टॉर्चर में भी करेगा दमदार कूलिंग और प्यूरिफिकेशन

इस नए एसी की सबसे बड़ी खासियत इसकी पावरफुल कूलिंग है। शार्प का दावा है कि भीषण गर्मी में जब तापमान 52 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है, तब भी यह एसी कमरे को पूरी तरह ठंडा रखने का दम रखता है। हवा को शुद्ध करने के लिए इसमें पेटेंटेड प्लाज्माक्लस्टर तकनीक का इस्तेमाल किया गया है, जो एक्टिव एयर प्यूरिफिकेशन करती है। यह खास तकनीक हवा में पॉजिटिव और नेगेटिव आयन छोड़कर कमरे में



मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया, एलर्जेंस और किसी भी तरह की दुर्गंध को पूरी तरह कम कर देती है, जिससे आपको एकदम ताजी और ठंडी हवा मिलती है।

## स्मार्ट फीचर्स की भरमार के साथ इन्वर्टर सीरीज की खासियत

शार्प के इस एडवांस विंडो एसी में कई बेहतरीन स्मार्ट फीचर्स दिए गए हैं। ग्राहकों की सुविधा के लिए इसमें 4-इन-1 कन्वर्टिबल मोड, कोआंडा एयरफ्लो, टर्बो मोड और 4-वे ऑटो स्विंग जैसे आधुनिक विकल्प मौजूद हैं। कंपनी ग्राहकों को पूरे 5 साल की कॉम्प्रिहेंसिव वॉरंटी भी ऑफर कर रही है। इसके अलावा 100त्न कॉपर कंडेंसर, एंटी-कोरोशन कोटिंग और ऑटो-रिस्टार्ट जैसी सुविधाएं इसकी लाइफ को और बढ़ाती हैं। Ryohu इन्वर्टर सीरीज की बात करें तो इसमें 3 और 5 स्टार रेटिंग वाले 1.45-टन के विकल्प मौजूद हैं, जिसमें ट्विन मोटर टेक्नोलॉजी दी गई है। इसकी शुरुआती कीमत 39,990 रुपये रखी गई है, हालांकि प्लाज्माक्लस्टर तकनीक कुछ चुनिंदा मॉडल्स में ही उपलब्ध है।

## बड़े कमरों के लिए शानदार एयर थ्रो और फिक्स्ड-स्पीड मॉडल्स

जो लोग कम बजट में बेहतरीन कूलिंग चाहते हैं, उनके लिए Ryohu फिक्स्ड-स्पीड (FS) एसी भी पेश किए गए हैं। ये मॉडल 1.41 टन से 1.70 टन की क्षमता और 2 तथा 3 स्टार रेटिंग के साथ आते हैं। इनका 18 मीटर लंबा एयर थ्रो बड़े कमरों को भी चुटकियों में ठंडा करने में सक्षम है और इनकी शुरुआती कीमत महज 34,490 रुपये तय की गई है। शार्प के अधिकारी ओसामु नारिता ने इस खास लॉन्च पर कहा कि भारत उनके लिए एक बेहद महत्वपूर्ण बाजार है और कंपनी का लक्ष्य ग्राहकों को ऐसी एडवांस तकनीक देना है, जो उनकी जिंदगी में बिल्कुल फिट बैठे। ये सभी नए एसी मॉडल्स ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगह बिक्री के लिए उपलब्ध हैं।

# शेयर बाजार में कोहराम, एक ही दिन में निवेशकों के 9 लाख करोड़ हुए स्वाहा

मुंबई(ए.)। अमेरिकी-ईरान युद्ध में तनाव बढ़ने और शांति समझौते को लेकर अनिश्चितता के चलते वैश्विक बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के चलते हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन भारतीय शेयर बाजार बड़ी गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुआ। इस दौरान प्रमुख बेंचमार्क निफ्टी50 और सेंसेक्स में 2 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई।

बाजार बंद होने के समय 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,690.23 अंक यानी 2.25 प्रतिशत गिरकर 73,583.22 पर था, तो वहीं एनएसई निफ्टी50 486.85 अंकों यानी 2.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,819.60 पर था। दिन के कारोबार में सेंसेक्स 74,883.79 पर खुलकर एक समय 1,736 अंक या 2.30 प्रतिशत से ज्यादा गिरकर 73,534.41 के दिन के निचले स्तर पर आ गया, जबकि निफ्टी50 23,173.55 पर खुलकर एक समय 501 अंक या 2.15 प्रतिशत से ज्यादा गिरकर 22,804.55 पर पहुंच गया।

व्यापक बाजारों ने बेंचमार्क सूचकांकों को पीछे छोड़ दिया। निफ्टी मिडकैप में 2.23 प्रतिशत तो निफ्टी स्मॉलकैप सूचकांक में 1.74 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

वहीं, सेक्टरवार देखें तो, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (पीएसयू) सबसे ज्यादा नुकसान झेलने वाला सेक्टर रहा, जिसमें 3.86 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली। इसके बाद निफ्टी रियल्टी (3.17 प्रतिशत की गिरावट), निफ्टी ऑटो (2.82 प्रतिशत की गिरावट), निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज (2.69 प्रतिशत की गिरावट) और निफ्टी प्राइवेट बैंक (2.01 प्रतिशत की गिरावट) का प्रदर्शन भी खराब रहा।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## चुप रहना आत्म-सम्मान को तिलांजलि देना

डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन पर भरोसा करना कठिन होता चला गया है। वह ना तो द्विपक्षीय वार्ता के दौरान बनी सहमतियों पर कायम रहता है, और ना ही यह भरोसा रहता है कि वार्ता जारी रहने के दौरान वो कोई कार्रवाई नहीं करेगा।भारत (एवं कुछ अन्य देशों) के खिलाफ अपने व्यापार कानून की धारा 301 के तहत जांच फिर शुरू करने का अमेरिका का फैसला सीधे तौर पर उस विश्वास पर चोट है, जिसके आधार पर द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए वार्ता चल रही है। अमेरिका का ट्रंप प्रशासन पहले ही व्यापार के सभी मान्य कायदों को तोड़ चुका है। उसने एकतरफा टैरिफ युद्ध छेड़ कर भारत जैसे देशों पर दबाव बनाया। साफ है, उस कारण शुरू हुई व्यापार वार्ता में जो सहमतियां बनीं, वह उस पर भी कायम नहीं है। चूंकि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने मनमाना टैरिफ लगाने के राष्ट्रपति के अधिकार को संकुचित कर दिया, तो अब ट्रंप ने विभिन्न देशों को घेरने का नया हथकंडा अपनाया है। भारत सहित 60 देशों के खिलाफ उसने यह जांच शुरू की है कि क्या उन देशों से अमेरिका में होने वाले उत्पादों को तैयार करने में जबरिया मजदूरी का इस्तेमाल किया जाता है। साथ ही कुछ क्षेत्र में कथित ओवर कैपिसिटी और अति उत्पादन जैसी संभावनाओं की जांच भी शुरू की गई है। अपने कानून के तहत अपने अधिकारियों द्वारा की गई जांच में जिन देशों को दोषी पाया जाएगा, ट्रंप प्रशासन उन पर टैरिफ या प्रतिबंध लगा सकेगा। आर्थिक शब्दावली में ऐसे कदमों को गैर-व्यापार रुकावटें माना जाता है। मुक्त व्यापार के दौर में एकतरफा ढंग से डाली गई ऐसी रुकावटों का कोई तर्क नहीं हो सकता। दरअसल, डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन का रुख ऐसा है कि उसकी जुबान पर भरोसा करना लगातार कठिन होता चला गया है। वह ना तो द्विपक्षीय वार्ता के दौरान बनी सहमतियों पर कायम रहता है, और ना ही यह भरोसा किया जा सकता है कि वार्ता जारी रहने के दौरान वो कोई कार्रवाई नहीं करेगा। जबकि अंतरराष्ट्रीय सहमति, समझौते और व्यवहार में जो चीज सबसे अहम होती है, वह विश्वसनीयता ही है। इसलिए उचित होगा कि भारत अमेरिका के साथ जारी व्यापार वार्ता से बाहर निकल आए। या वार्ता जारी रखने के लिए कम-से-कम 301 जांच को खत्म करने की शर्त लगाए। भारत पहले ही अत्यधिक रियायतें दे चुका है। अब चुप रहना आत्म-सम्मान को तिलांजलि देना होगा।

-: राष्ट्रकवि भवानी प्रसाद मिश्र जयंती 29 मार्च पर विशेष :-

# साहित्य के साथ स्वतंत्रता संग्राम में अपनी विशिष्ट भूमिका निभाने वाले साहित्यकार थे भवानी दादा

- नर्मदांचल ही नहीं देश के प्रसिद्ध साहित्यकारों में विशेष स्थान रहा भवानी प्रसाद मिश्र का
- प्रकृति की विविधताओं को रचनाओं में समाहित करने वाले साहित्यकार थे भवानी दादा

**बलराम शर्मा,**

नर्मदांचल ही नहीं देश के जाने माने साहित्यकारों में राष्ट्रकवि भवानी प्रसाद मिश्र का नाम अग्रणी पंक्ति में समाहित है। स्वतंत्रता संग्राम के अमर



प्रेहरी, गांधीवादी लोकचेतना के साथ ही हिन्दी साहित्य को एक अलग पहचान देने में भवानी दादा का विशेष योगदान रहा है। उनकी प्रसिद्ध रचना 'सतपुड़ा के घने जंगल' 'सन्नाटा', में एक अलग ही शब्दावली है। उन्होंने प्रकृति के जुड़ाव को बहुत ही अच्छे तरीके से रेंखांकित किया है। भवानी दादा के संपूर्ण काव्य संसार में प्रकृति अपनी संपूर्णता में समाहित है। दादा की रचनाओं के व्यापकता में प्रवेश से पहले यदि रचनाओं के शीर्षक की ही व्याख्या कर लें तो हर मोड़ पर प्रकृति की विविधता दृष्टव्य होती है। भवानी दादा की कविताओं में अंधेरी रात, असंदिग्ध एक उजाला, आमीन गुलाब पर ऐसा वक्त कभी ना आये, आषाढ़ का पहला दिन, चाँदनी से तरबतर, चार कौए उर्फ चार हौए, तार के खंभे, आसमान खुद, कमल के फूल, कुछ सूखे फूलों के, कोई सागर नहीं,तारों से भरा आसमान उपर, धरती का पहला प्रेमी, धुँधला है चन्द्रमा, पानी वर्षा री, बह नहीं रहे होंगे, बुनी हुई रस्सी, बूँद टपकी नभ से, यह कर्जे की चादर जितनी ओढ़ो उतनी कड़ी शीत है, सुबह हो गई, सूरज का गोला, सागर से मिलकर, हँसी आ रही है। उन्होंने जो सुरम्य चित्र अपनी कविता में खीचें हैं वह तो अलग है ही परन्तु उनकी सर्वाधिक लोकप्रिय प्रकृतिपरक रचना सतपुड़ा के जंगल, में कुछ अलग ही विशेषता है। तभी तो इसे पाठयक्रम में शामिल किया गया था। नई कविता में छायावादी प्रकृति काव्य की यह कविता है। उनकी अनेक रचनाओं पर दृष्टि डालने पर ऐसा लगता है कि वे प्राकृतिक वातावरण के ईर्द गिर्द ज्यादा रहे हैं। उनके प्रमुख विषय भी प्रकृति आधारित हैं। लेकिन वे सिर्फ प्रकृति चित्रण पर ही लिखते रहे ऐसा भी नहीं है। उन्होंने समाज,देश व परिस्थितियों को भी अच्छे से उकेरा है।

### आजादी की लड़ाई में अहम भूमिका

भवानी दादा ने आजादी की लड़ाई में विशेष योगदान सशरीर और अपनी कलम के माध्यम से दिया है। आजादी की खातिर स्वयं भी अनेक बार जेल गए। जेल में कई कविताएं लिखी तृकाल संध्या में तो उन्होंने जेल में ही तीन बार कविता लिखने का रिकार्ड बनाया है। सीधी सरल भाषा में लिखने वाले भवानी दादा विरले ही कवि रहे हैं। छायावाद के गीतात्मकता और नई कविता के यर्थाथ का संयोग कर उन्होंने अपनी कविता में प्रकृति के नए-नए रंग भरे हैं। दूसरा सप्तक में संकलित बूँद टपकी एक नभ से में प्रकृति की कोमलता और उसके भाव. सौन्दर्य को देखा जा सकता है। आजादी की लड़ाई में नर्मदापुरम (होशंगाबाद) का विशेष योगदान रहा है। स्वतंत्रता संग्राम के अमर पहरी के रूप में भवानी प्रसाद मिश्र का नाम प्रमुखता से शामिल हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों से काफी प्रभावित होने के कारण गांधीवादी कवियों में भवानी प्रसाद मिश्र प्रमुख हैं। महात्मागांधी के भारतछोड़ो आंदोलन में भवानी प्रसाद मिश्र को 1942 में जेल जाना पड़ा। जहां वे 2 वर्ष 8 माह 8 दिन तक जेल में रहे। तब उनके बच्चे छोटे थे। लेकिन उन्होंने देश प्रेम को सर्वोपरी माना। जेल में भी अनेक काव्य रचनाएं की। 1945 में जेल से छूटे थे। अपने कारावास के दिनों में ही बंगला भाषा सीखकर गुरूदेव रविंद्र नाथ टैगोर की रचनाओं का अध्ययन किया। भवानी प्रसाद मिश्र ने अपने अनुभवों का प्रयोग करके जिंदगी की व्यापकता को कविता में उतार कर रखा है। अभिव्यक्ति के इस यथार्थ प्रयोग के कारण ही उनके काव्य संसार को कविता में जिंदगी और जिंदगी में कविता के रूप देखा जा सकता है। सात-सात बार मौत से लड़े वैसे ही आजादी के पहले गुलामी से लड़े और आजादी के बाद तानाशाही से भी लड़े। आपातकाल के दौरान नियम पूर्वक सुबह-दोपहर-शाम तीनों वेलाओं में उन्होंने कवितायें लिखी जिसे त्रिकाल सन्ध्या नाम दिया गया।

### भवानी दादा के नाम पर हो स्कूल का नाम

भवानी दादा का नाम देश के उत्कृष्ट साहित्यकारों में आता है। उन्होंने उत्कृष्ट स्कूल जिसे उनके समय में गवर्मेंट स्कूल कहा जाता था। इस स्कूल में उन्होंने अध्ययन किया है। आज भी यह शाला उत्कृष्ट विद्यार्थियों की शाला है। क्षेत्र के साहित्यकारों के द्वारा यह मांग उठती रही है कि भवानी दादा के नाम पर स्कूल का नाम होना चाहिए। ऐसा नहीं कि सिर्फ साहित्यकारों का मत है मुख्यमंत्री रह चुके दिग्विजय सिंह तो जब भवानी दादा की जयंती पर वर्ष 2003 में 29 मार्च को उत्कृष्ट स्कूल के समारोह में आए थे तब घोषणा भी की थी। उसके बाद भी विडम्बना है कि स्कूल नाम उनके नाम पर नहीं हो सका।

### नगर पालिका ने किए हैं सराहनीय प्रयास

नगर पालिका के द्वारा भवानी प्रसाद मिश्र के नाम पर सराहनीय प्रयास हुए हैं। नगर पालिका के द्वारा भवानी प्रसाद मिश्र के नाम पर मीनाक्षी क्षेत्र के चौक का नामकरण भवानी प्रसाद मिश्र के नाम पर करने का प्रस्ताव पास हो चुका है। लेकिन वहां पर एक बोर्ड नपा को लगाना चाहिए था वह नहीं लगाया जा सका है। नपा का एक दूसरा अच्छा प्रयास भवानी प्रसाद मिश्र के नाम किले के पास भवानी उद्यान बनाया है। इसी किले पास बैठकर उन्होंने सन्नाटा नामक कविता की रचना की थी। उनके नाम से स्कूल का नाम करने में कोई खर्च तो होना नहीं था। सभी को अच्छा भी लगता। नगर पालका का एक और प्रयास अच्छा रहा कि नगर पालिका कार्यालय के सामने रेलवे स्टेशन से लेकर सतरस्ता जाने वाले मार्ग का नाम भी भवानी प्रसाद मिश्र के नाम पर किया गया है। जिसका बाकायदा एक बोर्ड भी नगर पालिका के द्वारा रेलवे गेट के पास लगाया गया है।

### गांव का नाम हो भवानीपुरम,पंचायतों में हुआ है प्रस्ताव पास



*जिला पंचायत की 29 अक्टूबर 2025 की बैठक में प्रस्ताव पास करते हुए जनप्रतिनिधि और अधिकारी। फाइल फोटो।*

भवानी दादा का जन्म नर्मदापुरम जिले के नर्मदा तट स्थित टिगरिया (खरखेड़ी) ग्राम में हुआ है। इस संबंध में ग्राम पंचायत के माध्यम से जनपद पंचायत में प्रस्ताव जाने के बाद 29 अक्टूबर 2025 में जिला पंचायत में भी प्रस्ताव रखा गया था। जिसमें गांव का नाम भवानीपुरम करने की सहमति बन चुकी थी। उसके बाद शासन स्तर से स्वीकृति होना है। गांव के नामकरण को लेकर पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि राहुल गौर तथा जनपद पंचायत के अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे ने विशेष प्रयास किए हैं। जब अनेक शहरों के नाम बदला चुके हैं तो फिर भवानी दादा के गांव का नाम क्यों नहीं। इसके साथ ही गांव वालों की मांग है कि गांव में दादा के नाम पर शासन स्तर से एक विशेष स्मारक बनाया जाए।

# मंडल की राजनीति पर पूर्णविराम का संकेत

हरिशंकर व्यास

बिहार से नीतीश कुमार की विदाई सिर्फ एक व्यक्ति की राजनीति का अंत नहीं है। न ही एक पार्टी की राजनीति के कमजोर होने का संकेत है। यह मंडल की राजनीति पर पूर्णविराम का संकेत है। एक एक करके वैसे भी मंडल की राजनीति करने वाले नेता राजनीतिक परिदृश्य से लुप्त हैं। मुलायम सिंह यादव, शरद यादव और रामविलास पासवान का निधन हो गया है, जबकि लालू प्रसाद यादव चुनाव लड़ने के अयोग्य ठहराए जा चुके हैं। अब वे सक्रिय राजनीति करने में भी शारीरिक रूप से सक्षम नहीं हैं। मंडल राजनीति की आखिरी बड़े नेता नीतीश कुमार हैं, जिनका रिटायरमेंट प्लान भाजपा ने तैयार कर दिया है। सोचें, जिस नीतीश कुमार ने जीवन भर मुख्यमंत्री बने रहने की राजनीति की और तमाम किस्म के गठबंधन बदल दिए उनको कहना पड़ा है कि वे एक बार राज्यसभा जाकर देखना चाहते थे। ध्यान रहे नीतीश ने कई बार सहयोगी बदले। गठबंधन की पार्टियां बदलीं लेकिन मुख्यमंत्री बने रहे। करीब 20 साल मुख्यमंत्री रहने के बाद अब वे राज्यसभा जा रहे हैं। नीतीश कुमार का राज्यसभा जाना या मुख्यमंत्री पद छोड़ना अपने आप में मंडल की राजनीति पर पूर्णविराम नहीं है। असली बात यह है कि उनके हाथ से बिहार की कमान निकल रही है। बिहार की राजनीति अब पूरी तरह से भारतीय जनता पार्टी के हाथ में जा रही है। भाजपा का मुख्यमंत्री बनेगा और बिहार की राजनीति लगभग पूरी तरह से दो ध्रुवीय हो जाएगी। नीतीश की पार्टी रहेगी लेकिन वह भाजपा पर निर्भर होगी। दूसरी ओर तेजस्वी यादव के नेतृत्व में राजद होगा, जिसके साथ कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टियों का गठबंधन है। सो, मंडल की राजनीति पर पूर्णविराम के साथ साथ कह सकते हैं कि बिहार में बहुध्रुवीय राजनीति अब ज्यादा केंद्रीकृत होगी। भाजपा के मजबूत होने और राजनीति की केंद्रीय ताकत बनने से उसके साथ वाली बाकी पार्टियों की हैसियत कमजोर होगी, चाहे वह पार्टी चिराग पासवान की हो या उपेंद्र कुशवाहा की या जीतन राम मांझी की हो। तह सकते है कि आखिर नरेंद्र मोदी की सरकार भी चारों तरफ आरक्षण बढ़ा रही है, अलग अलग क्षेत्रों में नए आरक्षण दे रही है, जाति जनगणना कराने जा रही है, उच्च शिक्षण संस्थानों में भेदभाव खत्म करने के नाम पर सामाजिक विद्वेष फैलाने वाली यूजीसी की नियमावली जारी करती है तो फिर कैसे यह राजनीति मंडल से अलग है? यह मंडल से इसलिए अलग है क्योंकि यह कांग्रेस और दूसरी प्रादेशिक पार्टियों की राजनीति की प्रतिक्रिया है और दूसरे इसमें अंतर्निहित तत्व कमंडल यानी धर्म की राजनीति का है। भाजपा का मकसद किसी न किसी रूप में पैन इंडिया हिंदू यूनिटी बनाने की है। पूरे भारत में हिंदू एकता बनाने के लिए भाजपा को जहां जो दांव चलना होता है वह चलती है। कहीं ईडब्लुएस का आरक्षण देकर अगड़ी जातियों को खुश करती है तो कहीं यूजीसी की नियमावली से पिछड़ी जातियों को संदेश देती है। यह एक अलग विश्लेषण का विषय है।भाजपा बिहार में और पूरे देश में मंडल की राजनीति को कमंडल से रिप्लेस करना चाहती है। इसके लिए उसने धीरे धीरे मंडल और कमंडल को मिलाना शुरू कर दिया। मोदी ने यह माहौल बनाया कि कमंडल ही मंडल है। व्यापक हिंदू पहचान पर जोर दिया गया और यह स्थापित करने का प्रयास किया गया कि धर्मध्वजा उठाए हुए व्यक्ति की जाति क्या है यह महत्वपूर्ण नहीं है। वह कोई भी हो सकता है। असम से लेकर उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड, राजस्थान से लेकर महाराष्ट्र तक भाजपा ने बड़े राज्यों में सवर्ण मुख्यमंत्री बनाए हैं। लेकिन सोशल मीडिया में सवर्ण इकोसिस्टम के लोग आक्रामक तरीके से सरकार पर हमला कर रहे हैं और यूजीसी के नियमों के हवाले से केंद्र की मोदी सरकार को अगड़ा विरोधी बता रहे हैं। यह भी अंततः मोदी के लिए फायदे वाला ही साबित होगा। क्योंकि यूजीसी की नियमावली सिर्फ नैरेटिव बनाने के लिए लाई गई थी। सरकार का काम सवर्ण लोग सोशल मीडिया में कर रहे हैं। इसे लेकर नरेंद्र मोदी और धर्मेंद्र प्रधान पर जितना हमला हो रहा है, पिछड़ी और दलित जातियों का उतना ही ध्रुवीकरण उनके पक्ष में हो रहा है। बहरहाल, जाति और खास कर पिछड़ी जातियों की गोलबंदी के साथ साथ मंडल की राजनीति का एक बुनियादी तत्व यह है कि उसके नेता सेकुलर प्रैक्टिस करते हैं।


# आर्थिक बोझ के नाम पर अधिकार नहीं छीन सकते, न्यायसंगत मुआवजे की सवैधानिक गारंटी

**- कांतिलाल मांडोत**

देश की सर्वोच्च न्याय व्यवस्था ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है कि विकास योजनाओं और सार्वजनिक परियोजनाओं के नाम पर नागरिकों के मौलिक अधिकारों को कमजोर नहीं किया जा सकता। जब भी किसी नागरिक की भूमि अधिग्रहित की जाती है, तो उसके बदले उसे न्यायसंगत मुआवजा देना केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि संवैधानिक दायित्व है। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिया गया निर्णय इसी सिद्धांत को मजबूत करता है, जिसमें यह साफ कहा गया कि केवल वित्तीय बोझ का हवाला देकर मुआवजे के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता।

यह मामला राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण से जुड़ा था, जिसमें भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने यह दलील दी थी कि मुआवजे और ब्याज का भुगतान करने से उस पर अत्यधिक आर्थिक भार पड़ेगा। इस आधार पर उसने पूर्व के निर्णय पर पुनर्विचार की मांग की। किंतु न्यायालय ने इस तर्क को अस्वीकार करते हुए कहा कि आर्थिक बोझ का आकलन किसी भी स्थिति में न्यायसंगत मुआवजे की संवैधानिक गारंटी को कमजोर करने का आधार नहीं बन सकता।

न्यायालय की पीठ ने अपने निर्णय में यह रेखांकित किया कि जब राज्य या उसकी एजेंसियां किसी व्यक्ति की संपत्ति का अधिग्रहण करती हैं, तो वह व्यक्ति केवल अपनी भूमि ही नहीं खोता, बल्कि उसके साथ जुड़ी आजीविका, सामाजिक सुरक्षा और भविष्य की संभावनाएं भी प्रभावित होती हैं। ऐसे में मुआवजा केवल जमीन के मूल्य का भुगतान नहीं, बल्कि एक व्यापक न्यायिक प्रतिपूर्ति होती है, जिसमें ब्याज भी शामिल होता है ताकि देरी से होने वाले नुकसान की भरपाई हो सके।इस निर्णय का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि न्यायालय ने यह स्पष्ट किया कि भूमि अधिग्रहण के मामलों में सभी भू-स्वामियों को समान दृष्टि से देखा जाना चाहिए। कुछ मामलों में भू-स्वामियों ने न्यायालय या मध्यस्थता की प्रक्रिया का सहारा लेकर अधिक मुआवजा प्राप्त किया है, जबकि अन्य मामलों में अंतिम निर्णय हो चुका है।




मेष राशि: आज आप पिता का कोई जरूरी काम पूरा करायेंगे। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में और मधुरता बढ़ेगी। आज आपके मन में नए-नए विचार आयेंगे, लेकिन आपको अपने मन को नियंत्रित करना होगा। किसी के साथ बहसबाज़ी में ना पड़े। वैवाहिक जीवन को बेहतर बनाने के लिए किसी भी तरह की गलतफ़हमी ना पालें।

वृष राशि: आज नवरात्र के नौवें दिन भगवान श्रीराम की कृपा आप पर बनी रहेगी। आज आप सभी कार्यों में बहुत हद तक सफल रहेंगे। इस राशि की महिलाओं को आज के दिन कोई खुशखबरी मिलेगी। आज आपका आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा और भी बेहतर होगा। आपको माता-पिता का सहयोग मिलेगा जिससे आप जीवन में आगे बढ़ने में सक्षम होंगे।

मिथुन राशि: आज प्रॉपर्टी लेने का मन बनायेंगे। कोई रूका हुआ काम पूरा होने से आपको ख़ुशी मिलेगी। शाम तक आपको कोई शुभ समाचार प्राप्त होगा, जिससे घर का माहौल खुशियों से भर जायेगा। आसपास के लोग आपके व्यक्तित्व से प्रसन्न होंगे। आज आप ताजगी से परिपूर्ण रहेंगे। दाम्पत्य जीवन में नयी-नयी खुशियाँ आयेंगी।

कर्क राशि: घर के सहयोग से आप हर चीज़ को अच्छे से संभालने में सफल होंगे। आज आप किसी बात को लेकर विचारों में खोए रहेंगे। आज नए लोगों से आपकी मुलाकात होगी, जो आगे चलकर आपके व्यापार में धन लाभ करायेंगे। घर पर किसी पार्टी के आयोजन का प्लान बनायेंगे। आज नवरात्रि के नौवें दिन घर में किसी धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन करने का मन बनायेंगे।

सिंह राशि: आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपको कुछ जरूरी कार्यों में दोस्तों की मदद मिलेगी। कई दिनों से अटका हुआ पैसा आज आपको वापस मिलेगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर परिणाम लेकर आया है। पहले दी हुई किसी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति में स्थिरता बनी रहेगी। परिवार में सुखद वातावरण का माहौल रहेगा।

कन्या राशि: आपको अपनी कार्य कुशलता में बढ़ोतरी करने की जरूरत है। आज लोगों के बीच आपके काम की तारीफ होगी। वहीं आर्थिक लाभ पाने के लिए आज आपको थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। आप किसी नए कार्य को लेकर योजना बनायेंगे। आज वाहन चलाते समय सावधानी ज़रूर बरतें। किसी मामले पर आपको बातचीत करते समय अपनी वाणी पर संयम बरतना चाहिए। व्यापार में अच्छा धन लाभ होने के योग बने हुये है।

तुला राशि: आज बच्चों के किसी काम में आपके पैसे खर्च होंगे। आपके व्यवहार से कुछ लोग आज काफी प्रभावित होंगे। लोगों से आपको काम में मदद मिलेगी। आपसी विश्वास के सहारे आपके रिश्तों में मजबूती आयेगी। आपकी कोई खास इच्छा जो काफी समय से अधूरी थी वो आज पूरी होगी। ऑफिस में अधिकारियों से मिला सहयोग आपके उत्साह में इजाफ़ा करेगा।

वृश्चिक राशि: अगर आप किसी से अपने दिल की बात कहना चाहते हैं, तो आज का दिन आपके लिये बहुत ही अच्छा रहने वाला है। ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी। इससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक रिश्ते आज और बेहतर होंगे। कलात्मक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। किसी नए प्रोजेक्ट को शुरू करने से पहले मित्रों से सलाह करेंगे। आज पूरे दिन आपका मन पूजा पाठ में लगा रहेगा।

धनु राशि: आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज आपके परफॉरमेंस से लोग प्रभावित होंगे। व्यवसाय में आपको फायदा हो सकता है। ऑफिस में किसी जरुरी काम को पूरा करने के लिए किसी सहकर्मी की मदद मिलेगी और आपको कार्य में सफलता भी हासिल होगी। आज किसी से भी बेवजह उलझने से बचें।

मकर राशि: आज आप अपने जीवनासाथी से बिजनेस की कोई बात शेयर करेंगे। पारिवारिक काम को पूरा करने में घर के सभी सदस्यों का सहयोग प्राप्त होगा। आज आपके सहपाठी किसी प्रश्न को समझने के लिए आपसे मदद लेंगे। इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। सेहत के लिहाज से आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है।

कुंभ राशि: आज आप कोई नया बिजनेस शुरू करने के बारे में सोचेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज आपके भाग्य के सितारे बुलंद होंगे। आज आपके सभी कार्य सिद्ध होंगे और आपका दिन शानदार रहेगा। नवविवाहित दंपत्ति के रिश्तें में मिठास बढ़ेगी।

मीन राशि: आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ आपके रिश्ते मजबूत होंगे। किसी काम में की गई मेहनत आज रंग लायेगी। करियर के लिए आज का दिन फेवरेबल रहेगा। ऑफिस में अधूरे पड़े कार्य आज पूरे हो जाएंगे, काम में सीनियर्स का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। वहीं अगर बिजनेस करते हैं तो आज धन लाभ होने की संभावना है। सरकारी संस्थान से जुड़े लोगों का दिन शानदार रहेगा।

# सत्ता बदलने के लक्ष्य से हमला

**अजीत द्विवेदी**

पुरानी कहावत है कि 'चुनाव से पहले, युद्ध के दौरान और शिकार के बाद सबसे ज्यादा झूठ बोले जाते हैं'। सो, ईरान में युद्ध चल रहा है और झूठ की चौतरफा बौछार हो रही है। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने पेंटागन में प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि युद्ध अमेरिका ने शुरू नहीं किया लेकिन इसे खत्म अमेरिका करेगा। हालांकि सारी दुनिया ने देखा कि अमेरिका और इजराइल ने दिन दहाड़े हमले की शुरुआत की और एक संप्रभु देश के सर्वोच्च नेता को मार डाला। दूसरी ओर अमेरिका से ही एक रिपोर्ट आई है, जिसमें कहा गया है कि पेंटागन ने कांग्रेस की समिति के सामने कहा है कि उनके पास कोई खुफिया सूचना नहीं थी कि ईरान हमला करने जा रहा है। इसका अर्थ है कि कांग्रेस के सामने पेंटागन की ओर से कुछ और कहा जा रहा है और पेंटागन के प्रमुख मीडिया के सामने कुछ और कह रहे हैं!

इसी तरह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अभी तो हमला शुरू हुआ है। उन्होंने कहा कि अमेरिका अभी सबसे बड़ा हमला करेगा और उधर पेंटागन से खबर है कि वहां के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ से लेकर तमाम रक्षा जानकार इस बात की चिंता में हैं कि अमेरिका के मिसाइल और हथियारों का भंडार तेजी से खत्म होता जा रहा है। अमेरिकी रक्षा क्षेत्र में यह चिंता इसलिए है क्योंकि जितनी तेजी से मिसाइल और दूसरे हथियार खर्च हो रहे हैं उतनी तेजी से उन्हें बनाया नहीं जा सकता है। इस चिंता का एक पहलू यह भी है कि अगर युद्ध का कोई नया मोर्चा खुला या उत्तर कोरिया और चीन की ओर से कुछ हुआ, जिसका जवाब अमेरिका को देना पड़े तो क्या होगा? लेकिन ट्रंप सबसे बड़े हमले की बात कर रहे हैं।

ऐसे ही राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि जरुरत पड़ी तो वे अमेरिकी सेना को ईरान की जमीन पर उतारेंगे। उन्होंने कहा कि वे पिछले राष्ट्रपतियों की तरह नहीं हैं, जिन्होंने हमेशा जमीनी सेना उतारने से इनकार किया। ट्रंप ने यह ऐसी बात कही है, जिस पर किसी को यकीन नहीं होगा। ईरान में जमीनी सैनिक उतारना अमेरिका के लिए बहुत मुश्किल वाला फैसला होगा। इसका कारण यह है कि ईरान में उसके पास कोई जमीनी सपोर्ट सिस्टम नहीं है। दूसरे, ईरान के पास 11 लाख से ज्यादा की संख्या वाली बहुत व्यवस्थित सेना है, जिसमें दो लाख आईआरजीसी के प्रशिक्षित कमांडो जैसे सैनिक हैं। तीसरे, ईरान नौ करोड़ से ज्यादा आबादी वाला देश है। चौथे, उसकी भोगोलिक सीमाएं बहुत विशाल हैं।

वह इजराइल से 70 गुना बड़े क्षेत्रफल वाला देश है। पांचवें, ईरान में लंबी लंबी पहाड़ों की श्रृंखलाएं हैं और दुर्गम क्षेत्र बहुत बड़ा है। सोचें, गाजा जैसे छोटे से इलाके में दो साल से युद्ध चल रहा है, जिसमें 70 हजार लोग मारे गए हैं फिर भी इजराइल जीत नहीं पाया है, जबकि गाजा एक ऐसा जमीन का टुकड़ा है, जो इजराइल और मेडिटेरेनियन समुद्र के बीच दबा हुआ है। जब वहां दो साल से लड़ाई खत्म नहीं हो रही है तो ईरान जैसे विशाल और बड़ी आबादी वाले देश में कैसे अमेरिका जमीन पर सैनिक उतारेगा? सो, ऐसा लग रहा है कि यह झूठ भी ईरान की फौज को डराने और लोगों को बगावत के लिए उकसाने के मकसद से बोला गया है।

बहरहाल, यह इतिहास का संभवतः पहला युद्ध होगा, जो वार्ता विफल होने की वजह से नहीं, बल्कि वार्ता सफल होने की वजह से लड़ा जा रहा है। ईरान और अमेरिका की वार्ता में मध्यस्थता कर रहे ओमान के विदेश मंत्री बदर बिन हमाद अल बुसैदी ने 28 फरवरी को कहा कि दोनों देशों के बीच वार्ता अंतिम दौर में है और समझौते का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ईरान यह गारंटी देने को तैयार हो गया है कि वह कभी भी परमाणु बम नहीं बनाएगा। साथ ही वह इस बात के लिए भी तैयार हो गया है कि इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी यानी आईएईए की टीम उसके परमाणु ठिकानों का दौरा करके जांच कर ले। लेकिन बुसैदी के यह कहने के तुरंत बाद अमेरिका और इजराइल ने साझा हमला शुरू कर दिया। याद करें इसी तरह पिछले साल जून में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को 14 दिन का समय दिया था और तीसरे ही दिन हमला शुरू कर दिया था।

फरवरी 2026 के हमले में गोलपोस्ट कैसे बदल रहा है यह देखना भी बहुत दिलचस्प है। पहले राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि ईरान के परमाणु ठिकानों को नष्ट करने के लिए हमला हुआ है। हालांकि यहां भी सवाल उठता है कि जब जून 2025 के हमलों के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि ईरान के परमाणु संयंत्रों को 'ओबलिटेरेट' कर दिया गया यानी नामोनिशान मिटा दिया गया तब फिर आठ महीने में ही परमाणु संयंत्र कैसे काम करने लगे। बहरहाल, युद्ध शुरू होने के बाद ट्रंप ने कहा कि इस्लामिक क्रांति के बाद बनी इस्लामिक रिपब्लिक की सत्ता बदलने के लक्ष्य से हमला किया गया है। यानी परमाणु ठिकानों को खत्म करना लक्ष्य नहीं है, बल्कि सत्ता बदलना लक्ष्य है।

अब पहला सवाल है कि सत्ता क्यों बदलनी है? इसका सीधा जवाब है कि अमेरिका को पश्चिम एशिया की भू राजनीतिक स्थितियों को हमेशा के लिए बदल देना है। उसे स्थिर सत्ता और सैन्य ताकत वाले इकलौते मजबूत देश ईरान को समाप्त करना है। सद्दाम हुसैन का इराक खत्म हो गया, गद्दाफी का लीबिया और असद का सीरिया भी समाप्त हो गया। अगर ईरान की इस्लामिक रिपब्लिक की सत्ता समाप्त हो जाती है तो पूरे पश्चिम एशिया में इजराइल इकलौती महाशक्ति बचेगा। ध्यान रहे अमेरिका ने पश्चिम एशिया के बाकी देशों का आर्थिक हित या तो अपने साथ जोड़ लिया है या इजराइल से जुड़वा दिया। सो, यह युद्ध एक बड़े लक्ष्य के लिए है, जिसे निश्चित रूप से इजराइल ने तय किया है।

अब दूसरा सवाल है कि सत्ता कैसे बदलेगी? हवाई हमले में नेताओं को और कुछ सैनिक कमांडरों को मारा जा सकता है या इमारतें ध्वस्त की जा सकती हैं। सत्ता परिवर्तन तो उससे नहीं हो सकता है। सत्ता परिवर्तन के दो मॉडल हैं। या तो अमेरिका जमीनी फौज उतारे और ईरान के तमाम फौजी कमांडरों, गार्जियन कौंसिल के सदस्यों और धर्मगुरुओं को मार डाले या उनको बंधक बना कर वहां अपने समर्थन वाले किसी व्यक्ति को गद्दी पर बैठाए। इराक में उसने ऐसा किया था। दूसरा मॉडल लीबिया और सीरिया वाला है।





## ईरान-इजरायल युद्ध को लेकर मोदी सरकार का अहम कदम, राजनाथ सिंह की अगुवाई में बनी स्पेशल टास्क फोर्स



नई दिल्ली (आरएनएस)। मिडिल ईस्ट में ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच भड़के भीषण तनाव ने अब पूरी दुनिया की धड़कनें बढ़ा दी हैं। युद्ध की इस आंच से भारत की अर्थव्यवस्था और ऊर्जा सुरक्षा को महफूज रखने के लिए केंद्र की मोदी सरकार ने एक अहम कदम उठाया है। वैश्विक हालातों की गंभीरता को देखते हुए सरकार ने मिडिल ईस्ट संकट से पैदा होने वाले तमाम मुद्दों पर पैनी नजर रखने और उनका त्वरित समाधान निकालने के लिए एक उच्च स्तरीय 'इंटर-मिनिस्ट्रियल ग्रुप' (अंतर-मंत्रालयी समूह) का गठन कर दिया है।

**राजनाथ सिंह करेंगे अगुवाई, शाह और सीतारमण भी शामिल**

देश की सुरक्षा और अर्थव्यवस्था को किसी भी संभावित झटके से बचाने के लिए बनाए गए इस बेहद खास ग्रुप की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह खुद करेंगे। इस अहम समिति में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी समेत अन्य संबंधित विभागों के दिग्गज मंत्रियों को भी सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। यह ग्रुप मुख्य रूप से इस बात पर अपनी नजर बनाए रखेगा कि मिडिल ईस्ट में छिड़े इस महायुद्ध का भारत की ऊर्जा सुरक्षा, तेल-गैस की आपूर्ति और देश की समग्र आर्थिक स्थिरता पर क्या और कितना प्रभाव पड़ रहा है।

कच्चे तेल की सप्लाई पर मंडरा रहा खतरा, सरकार पूरी तरह अलर्ट

भारत सरकार के लिए यह त्वरित कदम उठाना इसलिए भी बेहद जरूरी हो गया था क्योंकि देश अपनी जरूरत का लगभग 88 प्रतिशत कच्चा तेल और आधी से ज्यादा प्राकृतिक गैस का आयात होर्मुज जलडमरूमध्य (Strait of Hormuz) के रास्ते ही करता है। हालिया हमलों के बाद इस संवेदनशील समुद्री क्षेत्र में तनाव अपने चरम पर है, जिसके चलते तेल टैंकरों की सुरक्षित आवाजाही बुरी तरह प्रभावित हुई है और वैश्विक ऊर्जा संकट गहराने का डर सता रहा है। ऐसे में यह नया ग्रुप पूरी तरह से एक्टिव रहकर यह सुनिश्चित करेगा कि अंतरराष्ट्रीय तनाव के चलते भारत में ईंधन की कीमतों में अचानक कोई बड़ा उछाल न आए और देश में किसी भी तरह की पैनिक स्थिति पैदा न हो।

## खुद को बताता था 'महादेव' महिलाओं को हवस का शिकार बनाने वाला एक और ढोंगी गिरफ्तार

पुणे (आरएनएस)। महाराष्ट्र में आस्था के नाम पर एक और घिनौना खेल सामने आया है। खुद को भगवान शिव का अवतार बताकर भोली-भाली महिलाओं को अपनी हवस का शिकार बनाने वाले एक 40 वर्षीय ढोंगी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पालघर जिले के रहने वाले आरोपी ॠषिकेश वैद्य ने एक 34 वर्षीय महिला को अपनी 'पार्वती' बताकर उसके साथ दुष्कर्म किया। यह पाखंडी सोशल मीडिया के जरिए महिलाओं को अपने जाल में फंसाता था और फिर उनकी धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर उनका शारीरिक शोषण करता था।

फेसबुक की दोस्ती से शुरू हुआ खेल

इस रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना की शुरुआत साल 2023 में फेसबुक पर हुई एक दोस्ती से हुई थी। पुलिस के मुताबिक, दिसंबर 2023 में आरोपी ॠषिकेश वैद्य पुणे आया और उसने खुद को 'महादेव' बताकर पीड़िता को अपने झांसे में ले लिया। उसने पुणे के मांजरी इलाके में स्थित एक लॉज में महिला को कोई नशीला पदार्थ खिलाकर सुन्न कर दिया और उसके साथ रेप किया। इस दौरान दरिंदे ने महिला की कुछ आपत्तिजनक तस्वीरें भी खींच लीं। इन्हीं तस्वीरों के जरिए वह पीड़िता को लगातार ब्लैकमेल करता रहा और फिर मई 2024 में वसई के एक होटल में भी उसने दोबारा यौन शोषण का प्रयास किया। हैरान करने वाली बात यह है कि आरोपी पालघर में एक सामाजिक संगठन भी चलाता है, जिसकी आड़ में वह यह काला कारोबार कर रहा था।

दूसरे ढोंगी बाबा की गिरफ्तारी से मिली हिम्मत

लगातार मिल रही धमकियों और ब्लैकमेलिंग के कारण पुणे की रहने वाली यह पीड़िता लंबे समय तक खौफ के साए में घुट-घुट कर जी रही थी। लेकिन हाल ही में जब नासिक में एक अन्य स्वयंभू भगवान अशोक खरात को महिलाओं के शोषण के आरोप में गिरफ्तार किया गया, तो पीड़िता को भी इस दरिंदे के खिलाफ आवाज उठाने की हिम्मत मिली। उसने तुरंत माणिकपुर पुलिस स्टेशन पहुंचकर जीरो एफआईआर दर्ज कराई, जिसे आगे की जांच के लिए पुणे के हडपसर पुलिस स्टेशन भेज दिया गया है।

कई और महिलाओं के शिकार होने की आशंका

मामले की जानकारी देते हुए सीनियर इंस्पेक्टर हीरालाल जाधव ने बताया कि आरोपी ॠषिकेश वैद्य को सलाखों के पीछे भेज दिया गया है। पुलिस अब इस बात की भी गहराई से जांच कर रही है कि खुद को दिव्य शक्तियों वाला बताकर इस पाखंडी ने कहीं और महिलाओं को तो अपना शिकार नहीं बनाया है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने जनता से कराया जेवर एयरपोर्ट का उद्घाटन, बोले- ये आपकी अमानत है



नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को गौतम बुद्ध नगर जिले के जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह उद्घाटन वे नहीं कर रहे हैं, बल्कि कार्यक्रम में उपस्थित जनता कर रही है। यह एयरपोर्ट युवाओं के भविष्य को उड़ान देने वाला है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एयरपोर्ट के उद्घाटन कार्यक्रम में मौजूद जनता से मोबाइल फोन की फ्लैस लाइट जाने का अनुरोध करते हुए कहा, मैंने सिर्फ पर्दा हटाया है। मैं चाहता हूं कि इस एयरपोर्ट का उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोग करें। इसलिए आप अपने मोबाइल फोन निकालकर फ्लैस लाइट जलाएं और इसका उद्घाटन करें। इसके बाद कार्यक्रम में उपस्थित समर्थकों ने मोबाइल फोन की फ्लैश लाइट जलाई। प्रधानमंत्री ने जनता से कहा, आप इस एयरपोर्ट का उद्घाटन कर रहे हैं। ये आपकी (जनता) की अमानत है। ये आपका भविष्य है और आपका पुरूषार्थ है। इसलिए उद्घाटन भी आपके हाथों से हो रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज हम 'विकसित यूपी-विकसित भारत' अभियान का एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं। देश का सबसे बड़ा प्रदेश देश के सबसे अधिक इंटरनेशनल एयरपोर्ट वाले राज्यों में से एक हो गया है। आज मेरे लिए गर्व और प्रसन्नता के दो कारण हैं, जिनमें एक यह कि एयरपोर्ट के शिलान्यास करने का अवसर मुझे मिला था और उद्घाटन का सौभाग्य भी मिला है। मैंने इस सौभाग्य को आपके साथ बांट दिया है। दूसरा यह कि जिस उत्तर प्रदेश ने मुझे सांसद बनाया, उस उत्तर प्रदेश की पहचान के साथ भव्य एयरपोर्ट का भी नाम जुड़ गया है।

उन्होंने कहा कि नोएडा के इस एयरपोर्ट से आगरा, मथुरा, अलीगढ़, गाजियाबाद, मेरठ, इटावा, बुलंदशहर और फरीदाबाद जैसे शहरों को बड़ा लाभ होने वाला है।

यह एयरपोर्ट पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों, छोटे और लघु उद्योगों और यहां के नौजवानों के लिए अनेक नए अवसर लेकर आने वाला है। यहां से दुनिया के लिए विमान तो उड़ेंगे, साथ ही यह 'विकसित उत्तर प्रदेश' की उड़ान का भी प्रतीक बनेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जनता को इस एयरपोर्ट के लिए बधाई देता हूं। आज का यह कार्यक्रम भारत के नए मिजाज का प्रतीक है। आप सभी देख रहे हैं कि आज पूरा विश्व कितना चिंतित है। संकट के इस समय में भी भारत ने अपने विकास को जारी रखा है।

उन्होंने कहा, मैं पश्चिमी उत्तर प्रदेश की बात करूं तो पिछले कुछ सप्ताह में ही यह चौथा बड़ा प्रोजेक्ट है, जिसका शिलान्यास या लोकार्पण हुआ है। कुछ ही सप्ताह में नोएडा में बहुत बड़ी सेमीकंडक्टर फैक्ट्री की शिलान्यास हुआ। देश की पहली दिल्ली-मेरठ नमो भारत ट्रेन ने गति पकड़ी। इसी कालखंड में मेरठ मेट्रो का विस्तार किया गया। इतने कम समय में आज नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का आप सभी के हाथों से उद्घाटन भी हो गया है।

## अब हर 15 दिन में होगा कीमतों का रिव्यू, पेट्रोल-डीजल पर सरकार का बड़ा फैसला



नई दिल्ली, (आरएनएस)। देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों को लेकर सरकार ने एक बहुत बड़ा और अहम ऐलान किया है। अब से हर 15 दिनों पर तेल की कीमतों की विस्तार से समीक्षा (रिव्यू) की जाएगी। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन विवेक चतुर्वेदी ने बताया कि यह कदम इसलिए उठाया गया है ताकि तेल कंपनियों के भारी घाटे को कम किया जा सके और आम ग्राहकों पर बढ़ती कीमतों का बोझ भी न पड़े। इसी रणनीति के तहत सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में भारी कटौती करने का फैसला किया है। कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार, घबराने की बिल्कुल जरूरत नहीं पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने देशवासियों को आश्वस्त किया है कि वर्तमान में कच्चे तेल की कोई कमी नहीं है और अगले दो महीने के लिए सप्लाई की पूरी व्यवस्था तय कर ली गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एलपीजी और पीएनजी की आपूर्ति पूरी तरह से सामान्य है और ग्राहकों को रोजाना 10,000 से अधिक नए कनेक्शन दिए जा रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश में पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में है, इसलिए लोगों से अपील की गई है कि वे घबराकर पेट्रोल पंपों पर बेवजह भीड़ न लगाएं।



*जेवर में नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण के उद्घाटन के लिए आगमन पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गर्मजोशी से स्वागत किया।*

## कमर्शियल एलपीजी पर केंद्र सरकार की बड़ी राहत, कोटा 50प्रतिशत से बढ़ाकर किया 70प्रतिशत; इन बड़े उद्योगों की चमकेगी किस्मत



नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्र सरकार ने कमर्शियल एलपीजी (LPG) गैस के मोर्चे पर देश के बड़े उद्योगों को एक बहुत बड़ी राहत दी है। औद्योगिक गतिविधियों को रफ्तार देने के मकसद से सरकार ने कमर्शियल एलपीजी गैस के कोटे में भारी इजाफा करते हुए इसे 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 70 प्रतिशत कर दिया है। इस बड़े फैसले से मुख्य रूप से स्टील, ऑटोमोबाइल और टेक्सटाइल जैसे श्रम-गहन (लेबर इंटेंसिव) उद्योगों को सीधा और बड़ा फायदा पहुंचने वाला है। इस संबंध में पेट्रोलियम मंत्रालय की तरफ से सभी राज्यों को दिशा-निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं।

### पेट्रोलियम सचिव ने राज्यों के मुख्य सचिवों को लिखा पत्र

इस अहम फैसले को तुरंत प्रभाव से लागू करने के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव डॉ. नीरज मित्तल ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को एक विस्तृत पत्र लिखा है। इस पत्र में स्पष्ट किया गया है कि पहले से मिल रहे 50 प्रतिशत आवंटन के अलावा अब 20 प्रतिशत अतिरिक्त कोटा प्रस्तावित किया गया है। इसके लागू होने से पैक्ड नॉन-डोमेस्टिक एलपीजी का कुल कमर्शियल आवंटन अब संकट से पहले के स्तर का 70 प्रतिशत हो जाएगा। सरकार का यह कदम राज्यों में औद्योगिक कार्यों को बिना किसी रुकावट के चलाने में संजीवनी का काम करेगा।

### स्टील, ऑटो और टेक्सटाइल समेत इन उद्योगों को मिलेगी प्राथमिकता

मंत्रालय द्वारा जारी पत्र के मुताबिक, इस अतिरिक्त एलपीजी कोटे का सबसे ज्यादा फायदा उन उद्योगों को मिलेगा जो रोजगार के बड़े अवसर पैदा करते हैं और अन्य आवश्यक क्षेत्रों को अपना अहम समर्थन देते हैं। इनमें विशेष रूप से स्टील, ऑटोमोबाइल, टेक्सटाइल, डाई, केमिकल और प्लास्टिक उद्योग शामिल हैं। सरकार ने साफ किया है कि इन क्षेत्रों में भी उन 'प्रोसेस इंडस्ट्रीज' को सबसे ज्यादा प्राथमिकता दी जाएगी, जिन्हें खास हीटिंग के लिए एलपीजी की सख्त जरूरत होती है और जहां प्राकृतिक गैस (Natural Gas) का इस्तेमाल विकल्प के तौर पर बिल्कुल नहीं किया जा सकता है।

### पीएनजी सुधार लागू करने वाले राज्यों के लिए 10 प्रतिशत कोटा रिजर्व

कोटा बढ़ाने के साथ ही पेट्रोलियम सचिव ने राज्यों से एक बड़ी अपील भी की है। कुल आवंटन में 10 प्रतिशत हिस्सा उन राज्यों के लिए विशेष रूप से आरक्षित रखा गया है जो पीएनजी (PNG) सुधारों को तेजी से लागू कर रहे हैं। डॉ. मित्तल ने राज्यों से आग्रह किया है कि यदि उन्होंने अभी तक इस 10 प्रतिशत सुधार-आधारित आवंटन का लाभ नहीं उठाया है, तो वे बिना देरी किए तुरंत इसका लाभ लें। इस तरह सुधार आधारित कोटे को मिलाकर कमर्शियल और इंडस्ट्रियल एलपीजी का कुल आवंटन 70 प्रतिशत तक पहुंच जाएगा, जिससे देश भर के औद्योगिक ऑपरेशन्स को एक बड़ी राहत मिलेगी।

# संसद से पास हुआ फाइनेंस बिल 2026, बजट प्रस्तावों को मिली कानूनी मंजूरी



नई दिल्ली (आरएनएस)। संसद ने फाइनेंस बिल 2026 को मंजूरी दे दी। राज्यसभा ने इसे ध्वनि मत (वॉइस वोट) से लोकसभा को वापस भेज दिया, जिससे केंद्रीय बजट 2026-27 के प्रस्तावों को कानूनी समर्थन प्रदान करने की विधायी प्रक्रिया पूरी हो गई, जो 1 अप्रैल से शुरू होने वाले नए वित्तीय वर्ष में लागू होंगे।

लोकसभा ने 25 मार्च को इस बिल को 32 संशोधनों के साथ पास किया था। इसके बाद राज्यसभा में इस पर संक्षिप्त चर्चा हुई और सांसदों के सवालों पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जवाब दिया, जिसके बाद बिल को मंजूरी दे दी गई।

केंद्रीय बजट 2026-27 में कुल खर्च 53.47 लाख करोड़ रुपए रखा गया है, जो चालू वित्त वर्ष (31 मार्च तक) के मुकाबले 7.7 प्रतिशत ज्यादा है।

इस बजट में बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स के लिए 12.2 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्च (कैपिटल एक्सपेंडिचर) का प्रस्ताव है, जिससे अर्थव्यवस्था में विकास और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा, जो पिछले साल के मुकाबले 2.2 लाख करोड़ रुपए ज्यादा है।

वित्त मंत्री ने कहा कि बड़े प्रोजेक्ट्स को तेजी से पूरा करने के लिए एक 'इन्फ्रास्ट्रक्चर रिस्क डेवलपमेंट फंड' बनाया जाएगा।

उन्होंने 2026-27 के लिए राजकोषीय घाटा को घटाकर जीडीपी के 4.3 प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य भी रखा है। सरकार आर्थिक विकास के साथ-साथ वित्तीय स्थिरता बनाए रखने की दिशा में काम कर रही है। राजकोषीय घाटा का मतलब सरकार के कुल खर्च और कुल आय के बीच का अंतर होता है। सरकार वित्त वर्ष 2027 में इस घाटे को पूरा करने के लिए 11.7 लाख करोड़ रुपए का नेट उधार लेगी, जबकि कुल बाजार उधारी 17.2 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान है। बजट में हाईवे, पोर्ट, रेलवे और पावर प्रोजेक्ट्स जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर को मजबूत करने के साथ-साथ 7 रणनीतिक सेक्टर्स में मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने और MSMEs को आगे लाने पर जोर दिया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार ने वित्तीय अनुशासन और मौद्रिक स्थिरता बनाए रखते हुए सार्वजनिक निवेश पर मजबूत फोकस रखा है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत का कर्ज-से-जीडीपी अनुपात वित्त वर्ष 2025-26 में घटकर 56.1 प्रतिशत हो गया है, जिसे वित्त वर्ष 2026-27 में और घटाकर 55.6 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि इस अनुपात में कमी आने से ब्याज भुगतान का बोझ घटेगा, जिससे राजकोषीय घाटा कम रखने और विकास कार्यों के लिए अधिक संसाधन उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

# शादीशुदा व्यक्ति का बालिग के साथ लिव-इन में रहना जुर्म नहीं', इलाहाबाद हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

नई दिल्ली,(आरएनएस)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लिव-इन रिलेशनशिप को लेकर एक अहम और स्पष्ट टिप्पणी करते हुए कहा है कि यदि कोई शादीशुदा पुरुष किसी बालिग महिला के साथ उसकी सहमति से रह रहा है, तो इसे अपने आप में अपराध नहीं माना जा सकता। अदालत ने जोर देकर कहा कि समाज की नैतिक सोच और कानून की परिभाषा अलग-अलग होती है, और जब तक कोई कानून नहीं टूटता, केवल सामाजिक आधार पर किसी के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई नहीं की जा सकती।

डिविजन बेंच—जस्टिस जे.जे. मुनीर और जस्टिस तरुण सक्सेना—ने सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता जोड़े की गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगा दी। साथ ही पुलिस को निर्देश दिया कि दोनों को सुरक्षा प्रदान की जाए, क्योंकि उन्हें जान का खतरा बताया गया है।

### परिवार को सख्त चेतावनी, पुलिस पर जिम्मेदारी

कोर्ट ने महिला के परिवार को भी सख्त हिदायत दी कि वे किसी भी रूप में जोड़े को परेशान न करें—न घर जाकर, न फोन या मैसेज के जरिए और न ही किसी तीसरे व्यक्ति के माध्यम से संपर्क करने की कोशिश करें। इसके अलावा, शाहजहांपुर के पुलिस अधीक्षक (SP) को व्यक्तिगत रूप से सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अदालत ने कहा कि वयस्कों की सुरक्षा सुनिश्चित करना पुलिस का दायित्व है।

### 'शक्ति वाहिनी' केस का हवाला

हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के 2018 के शक्ति वाहिनी केस का हवाला देते हुए कहा कि ऑनर किलिंग जैसे मामलों में पहले से स्पष्ट दिशानिर्देश मौजूद हैं, जिनका पालन किया जाना चाहिए।

### अपहरण का केस, अब कोर्ट में चुनौती

मामला जैतीपुर थाना क्षेत्र का है, जहां महिला की मां ने 8 जनवरी 2026 को एफआईआर दर्ज कराई थी। आरोप था कि युवक उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया। पुलिस ने बीएनएस की धारा 87 के तहत मामला दर्ज किया था, जिसे रद्द कराने के लिए जोड़ा हाईकोर्ट पहुंचा।

### कोर्ट में क्या कहा गया ?

याचिकाकर्ताओं ने अदालत को बताया कि वे दोनों बालिग हैं और अपनी मर्जी से साथ रह रहे हैं। वहीं विरोधी पक्ष ने दलील दी कि पुरुष पहले से शादीशुदा है, इसलिए यह संबंध अवैध है। हालांकि, अदालत ने इस तर्क को खारिज करते हुए कहा कि सहमति से साथ रहने वाले बालिगों पर केवल इस आधार पर आपराधिक मामला नहीं बनाया जा सकता।

### ऑनर किलिंग का खतरा, पुलिस पर सवाल

महिला ने पहले ही पुलिस को लिखित शिकायत देकर बताया था कि उसके परिवार से उसे 'ऑनर किलिंग' का खतरा है। इस पर अदालत ने नाराजगी जताते हुए कहा कि पुलिस ने समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए, जबकि यह उसकी जिम्मेदारी थी। अब इस मामले की अगली सुनवाई 8 अप्रैल को होगी, जिसमें दोनों पक्षों से जवाब मांगा गया है।

## मिज़ोरम भारत का पहला पूर्णतः साक्षर राज्य, 'भारत की अदरक राजधानी' के रूप में पहचानः डॉ. वीके सिंह

आइज़ोल (आरएनएस)। भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा आयोजित पीआईबी प्रेस टूर में भाग ले रहे पंजाब और हिमाचल प्रदेश के पत्रकारों के एक दल ने आज आज अपने टूर के आखिरी दिन आइजोल स्थित लोक भवन में मिजोरम के राज्यपाल जनरल (डॉ.) विजय कुमार सिंह, पीवीएसएम, एवीएसएम, वाईएसएम (सेवानिवृत्त) से मुलाकात की। राज्यपाल (डॉ.) विजय कुमार सिंह ने भारत, म्यांमार और बांग्लादेश की सीमा से लगे त्रिकोणीय जंक्शन राज्य के रूप में मिजोरम के रणनीतिक महत्व पर प्रकाश डाला, जो भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।उन्होंने पड़ोसी देशों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंधों का उल्लेख किया, जिसके परिणामस्वरूप सीमा क्षेत्र काफी हद तक शांतिपूर्ण बना हुआ है। राज्यपाल ने 1986 के मिजोरम शांति समझौते के बाद मिजोरम की अतीत की अशांति से स्थायी शांति तक की यात्रा को याद किया। उन्होंने राज्य को भारत का पहला पूर्णतः साक्षर राज्य बताया, जिसे भारत की अदरक राजधानी के रूप में जाना जाता है, और सभी क्षेत्रों में इसके तीव्र विकास की प्रशंसा की। बुनियादी ढांचे के संदर्भ में, उन्होंने हाल ही में उद्घाटन की गई 51.38 किलोमीटर लंबी बैराबी-सैरांग रेलवे लाइन को क्रांतिकारी कदम बताया। यह लाइन दक्षिण की ओर 200 किलोमीटर से अधिक ज़ोरिन पुई तक विस्तारित की जाएगी, जो कलादान मल्टी-मॉडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट (केएमएमटीटीपी) से जुड़कर म्यांमार के पलेटवा और सितवे बंदरगाह से संपर्क स्थापित करेगी। इससे मिजोरम और पूर्वोत्तर के लिए महत्वपूर्ण सामाजिक-आर्थिक लाभ मिलने की उम्मीद है।

सीमा सुरक्षा के संबंध में, राज्यपाल ने मादक पदार्थों की तस्करी की आशंकाओं को स्वीकार किया, लेकिन अवैध गतिविधियों के खिलाफ कड़ी निगरानी और कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने इस आदिवासी, ईसाई-बहुसंख्यक राज्य में सामाजिक सद्भाव बनाए रखने में चर्च, यंग मिज़ो एसोसिएशन (वाईएमए) और गैर-सरकारी संगठनों की सकारात्मक भूमिका की भी सराहना की। पीआईबी प्रेस टूर टीम के सदस्यों ने मिज़ोरम की प्राकृतिक सुंदरता, उत्कृष्ट नागरिक भावना, यातायात नियमों का कड़ाई से पालन, कम हॉर्न बजाना, कम ध्वनि प्रदूषण और यहां के लोगों के विनम्र और कानून का पालन करने वाले स्वभाव की प्रशंसा की।

# साड़ी में छाईं आलिया भट्ट, सादगी ने बढ़ाई एक्ट्रेस की खूबसूरती, तस्वीरों से नहीं हटा पाएंगे नजर



आलिया भट्ट अपने हर लुक से फैंस का दिल जीत लेती हैं। हाल ही में अब एक्ट्रेस ने साड़ी में कुछ खूबसूरत तस्वीरें पोस्ट की, जो सोशल मीडिया पर छाई हुई है। आलिया अपने लुक से ज्यादा फैंस के बीच सादगी और सिंपल मेकअप को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। एक्ट्रेस के देसी और स्टाइलिश अंदाज से नजरें हटा पाना किसी के लिए भी मुश्किल होगा।

प्रियंका कपाड़िया द्वारा स्टाइल किया गया आलिया भट्ट का यह एलिगेंट और मॉडर्न लुक सोशल मीडिया पर छाया हुआ है, जिसमें वह बला की खूबसूरत लग रही थीं। फैंस ने उनकी पोस्ट पर तारीफों की झड़ी लगा दी। हालांकि, इस बार उनका सॉफ्ट, एलिगेंट और मिनिमल मेकअप सबसे ज्यादा पसंद किया जा रहा है। यूजर्स उनकी तस्वीरों पर जमकर प्यार लुटा रहे और उनकी तुलना स्वर्ग की अप्सरा से कर रहे हैं।

चेन्नई के इवेंट के लिए आलिया ने जैडन लेबल की एक फ्रेश सेज ग्रीन साड़ी पहनी, जिसे सेलिब्रिटी स्टाइलिस्ट प्रियंका कपाड़िया ने स्टाइल किया था। ऑर्गेंजा की इस साड़ी की हल्की कढ़ाई ने इसे और भी ज्यादा खूबसूरत बना दिया, जिस पर हरे रंग के बड़े-बड़े फूलों वाली कढ़ाई और पतला बॉर्डर है। इस साड़ी में आलिया भट्ट की सादगी देख आप भी उनके फैन हो जाएगे।

आलिया भट्ट की साड़ी को क्लासिक अंदाज में स्टाइल किया गया है, जिसमें परफेक्ट प्लेट्स और खूबसूरत सा लहराता हुआ पल्लू उनके लुक में चार चांद लगा रहा है। एक्ट्रेस ने इस ड्रेप के साथ मैचिंग रंग का स्लीवलेस सिल्क ब्लाउज पहना था, लेकिन जिस चीज ने इस आउटफिट को सचमुच खास बना दिया, वह थी उनकी ज्वेलरी।

आलिया ने मोक्ष का एक बेहद खूबसूरत कुंदन चोकर चुना, जिसमें कीमती रत्न और हीरे जड़े थे। इसी वजह से उनका लुक शाही लग रहा है। सोने की इयररिंग और बाकी एक्सेसरीज ने उनके लुक में चार चांद लगा दिए, जहां एक तरफ साड़ी की खूबसूरती निखरकर सामने आई तो वहीं दूसरी तरफ इन एक्सेसरीज ने भी उनकी सुंदरता बढ़ा दिया।

आलिया भट्ट का मेकअप उनके सिग्नेचर स्टाइल के हिसाब से बहुत ही अच्छा लग रहा था। आंखों और होठों पर हल्के गुलाबी रंग के शेड्स, हाइलाइटर का हल्का सा टच और न्यूड लिप्स उनके लुक के अनुसार एक दम परफेक्ट लग रहा है, जो उनके लुक को और ग्रेसफुल बनाता है। वहीं, इस लुक को पूरा करने के लिए आलिया ने अपने बालों को बीच से पार्टिंग करके हल्के वेव्स में खुला रखा। ऐसे में फैंस उनके इस लुक की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। उनकी पोस्ट पर तारीफों की बाढ़ आ गई।

आलिया भट्ट का 2026 का वर्क फ्रंट बड़े-बड़े प्रोजेक्ट्स से भरा हुआ है। वह वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की फिल्म अल्फा में नजर आने वाली हैं, जो 10 जुलाई को रिलीज होने वाली है। इसके अलावा, वह संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर में अपने पति रणबीर कपूर और एक्टर विक्की कौशल के साथ दिखाई देने वाली हैं।

## मोना सिंह की सीरीज मां का सम का ट्रेलर जारी, दिल छू लेगा मां-बेटे का रिश्ता

मां का सम नई सीरीज का ट्रेलर आज कुछ ही देर रिलीज हो चुका है। सीरीज के ट्रेलर में रोमांटिक, एक्शन और थ्रिलर की जगह लॉजिकल कहानी नजर आई। यह कहानी एक 19 साल के मैथ जीनियस लड़के की है। मां का सम सीरीज 3 अप्रैल को सिर्फ प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

मां का सम के ट्रेलर में अगस्त्य (मिहिर आहूजा) से मिलवाया गया है, जो 19 साल का लड़का है और मैथ में जीनियस है। उसका मानना है कि मैथ हो या प्यार दोनों में एक ही इक्वेशन है। अगस्त्य (मिहिर आहूजा) अपनी सिंगल मां विनीता (मोना सिंह) के लिए एक परफेक्ट पार्टनर ढूंढने का मिशन शुरू करता है, जिसका नाम रखता है-प्रोजेक्ट मॉम।

यह एक ऐसी कहानी है, जिसमें लॉजिक और भावनाएं दोनों साथ चलती हैं। लेकिन जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है अगस्त्य के बनाए हुए सारे फॉर्मूले बिगड़ने लगते हैं। कहानी में एक नई मैथ प्रोफेसर इरा (अंगिरा धर) भी आती है। अगस्त्य और इरा मिलकर एक एल्गोरिदम बनाते हैं, जो परफेक्ट मैच ढूंढने में मदद करे। लेकिन धीरे-धीरे भावनाएं अगस्त्य की कैलकुलेटेड दुनिया में घुसने लगती हैं और सारी गणित उलझ जाती है।मोना सिंह ने इस सीरीज में विनीता का किरदार निभाया है।

# धुरंधर 2 के बाद सारा अर्जुन के हाथ लगी नई फिल्म, अभिनेता ईशान खट्टर संग बनेगी जोड़ी



रणवीर सिंह की धुरंधर फ्रैंचाइजी में नजर आई अभिनेत्री सारा अर्जुन खूब चर्चा बटोर रही हैं। फिलहाल 19 मार्च को धुरंधर 2 सिनेमाघरों में रिलीज हुई है जिसे दर्शकों की शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। इस बीच, एक रिपोर्ट में पता चला है कि धुरंधर 2 के बाद, सारा के हाथ एक नई परियोजना लगी है। इस खबर ने फैंस के बीच उत्साह पैदा कर दिया है। बताया जाता है कि इसमें उन्हें ईशान खट्टर के अपोजिट देखा जाएगा।


के मुताबिक, टाइगर बेबी द्वारा समर्थित आगामी परियोजना में ईशान और सारा साथ काम कर रहे हैं। हाल ही में, परियोजना की शूटिंग की कुछ झलकियां सोशल मीडिया पर लीक हो गईं जिसके बाद से परियोजना की चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया। दिलचस्प बात यह है कि निर्माता जोया अख्तर ने इसी दौरान एक रहस्यमयी पोस्ट साझा किया। लोगों का मानना है कि यह पोस्ट इसी परियोजना से जुड़ा होगा। हालांकि अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, परियोजना का निर्देशन अर्जुन वरैन सिंह कर रहे हैं जो पहले फिल्म खो गए हम कहां बना चुके हैं। फिलहाल, परियोजना से जुड़ी ज्यादा जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

यह फिल्म होगी, सीरीज होगी या कुछ और, यह भी फिलहाल स्पष्ट नहीं हुआ है। दोनों कलाकारों के काम पर नजर डालें, तो ईशान को आखिरी बार फिल्म होमबाउंड में देखा गया था। वहीं सारा इस वक्त धुरंधर 2 की तूफानी सफलता का जश्न मना रही हैं।

## भूत बंगला का ट्रेलर कब होगा जारी? अक्षय कुमार हॉरर-कॉमेडी में करेंगे दमदार वापसी

अक्षय कुमार और निर्देशक प्रियदर्शन की हॉरर-कॉमेडी भूल भुलैया (2007) एक सफल लोकप्रिय फिल्म थी। इसी शैली में अभिनेता दोबारा धमाकेदार वापसी कर रहे हैं। उनकी आगामी



फिल्म भूत बंगला 10 अप्रैल, 2026 को रिलीज होगी और इसका निर्देशन भी प्रियदर्शन ने किया है। कुछ दिन पहले इसका आधिकारिक टीजर सामने आया था, जिसे लोगों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। अब जब फिल्म की रिलीज करीब है, तो आइए जानते हैं कि इसका ट्रेलर कब तक जारी किया जाएगा।

रिपोर्ट के अनुसार, भूत बंगला की रिलीज में अब ज्यादा समय नहीं है। इसलिए फिल्म का ट्रेलर 30 मार्च को जारी कर दिया जाएगा। हालांकि, निर्माताओं की ओर से ट्रेलर रिलीज को लेकर अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। हाल ही में, फिल्म का गाना तू ही दिसदा जारी हुआ था जिसमें अक्षय के साथ, वामिका गब्बी का रोमांटिक अंदाज देखने को मिला था। एक अन्य गाना रामजी आके भला करेंगे भी जारी हुआ था।

भूत बंगला को बिना किसी वाद-विवाद के सेंसर बोर्ड द्वारा पास कर दिया गया है। फिल्म को यूए 16+ रेटिंग के साथ प्रमाणित किया गया है, जिसका मतलब है कि 16 से कम उम्र के बच्चों को माता-पिता के मार्गदर्शन में फिल्म देखना योग्य होगा। फिल्म ऐसे वक्त में आ रही है जब रणवीर सिंह की धुरंधर 2 का दबदबा बरकरार है। हालांकि अक्षय इसके बिल्कुल नहीं घबरा रहे हैं। उनके मुताबिक भूत बंगला मजेदार पारिवारिक फिल्म है।

## दुनियाभर में 'धुरंधर 2' का भौकाल, 8वें दिन 11 सौ करोड़ के हुई पार, शाहरुख खान के 3 साल पुराने रिकॉर्ड की उड़ा दी धज्जियां



रणवीर सिंह स्टारर और आदित्य धर निर्देशित फ़िल्म 'धुरंधर 2' देश और दुनियाभर के बॉक्स ऑफ़िस पर एक जबरदस्त तूफ़ान बन गई है, जो रुकने का नाम नहीं ले रही और टिकट खिड़की पर खतरनाक कलेक्शन कर रही है. फिल्म की वर्ल्डवाइड परफॉर्मेंस की बात करें तो ये स्पाई थ्रिलर फ़िल्म दुनियाभर में न सिर्फ़ 1000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली सबसे तेज बॉलीवुड फ़िल्म बन गई है, बल्कि इसने शाहरुख़ ख़ान की फ़िल्म पठान के लाइफ़टाइम बिज़नेस को भी पीछे छोड़ दिया है. धुरंधर 2 का क्रेज़ वर्किंग डेज में भी कम नहीं हुआ है, और दूसरे गुरुवार को भी इसने तगड़ा कलेक्शन कर डाला है. चलिए यहां जानते हैं 'धुरंधर 2' का 8वें दिन का कलेक्शन कितना रहा है?रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' दुनियाभर में वीकडेज़ में भी बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है. पहले वीकेंड में शानदार कमाई के बाद, फिल्म रेगुलर वर्किंग डेज़ में भी ताबड़तोड़ करोडों कमा रही है और नए बेंचमार्क सेट कर रही है.सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुवार के शुरुआती अनुमानों के मुताबिक 19,493 शो से इस फिल्म ने भारत में 49.70 करोड़ की कमाई हुई है, जिससे इसका घरेलू बाजार में कुल ग्रॉस कलेक्शन 805.32 करोड़ हो गया है. भारत से नेट कलेक्शन 674.17 करोड़ है. बुधवार तक के विदेशी कलेक्शन (261.92 करोड़) को इसमें जोड़ने पर, दुनिया भर में कुल कलेक्शन ?1,067.24 करोड़ हो जाता है. गुरुवार के विदेशी कलेक्शन से इसमें और भी करोड़ों रुपए जुड़ गए हैं और यह दुनिया भर में इसने 1100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है.धुरंधर 2' ने रिलीज के 8वें दिन यानी दूसरे गुरुवार को 11 सौ का आंकड़ा पार कर शाहरुख खान की साल 2023 की ब्लॉकबस्टर 'पठान' के वर्ल्डवाइड लाइफटाइम कलेक्शन 1069.85 करोड़ को मात दे दी है. अब इसका अगला टारगेट शाहरुख खान की एक और ब्लॉकबस्टर जवान के वर्ल्डवाइड लाइफटाइम कलेक्शन 1163.62 करोड़ को पार करना है.उम्मीद है कि दूसरे शुक्रवार को फिल्म ये मील का पत्थर पार कर लेगी और इसी के साथ बॉलीवुड की दुनियाभर में तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन जाएगी और दूसरे पर पहुंचने के लिए इसे अपनी ही प्रीक्वल धुरंधर के 1300 करोड़ के लाइफटाइम को मात देनी होगी. जबकि पहले नंबर पर आमिर खान की दंगल 2059 करोड़ के कलेक्शन के साथ काबिज है.

# कोल्ड कॉफी को सेहतमंद बनाने के लिए अपनाएं ये तरीके, नहीं बढ़ेगा आपका वजन



कोल्ड कॉफी का स्वाद हर किसी को भाता है और गर्मी में इसे पीने का मजा ही अलग होता है। हालांकि, इसमें इस्तेमाल की जाने वाली चीजें अक्सर सेहत के लिए सही नहीं होतीं। इसमें सफेद चीनी और व्हिप क्रीम आदि का इस्तेमाल होता है, जो वजन बढ़ने का कारण बनती हैं। इन चीजों के कारण कोल्ड कॉफी में कैलोरी और वसा की मात्रा बढ़ जाती है। अगर आप कोल्ड कॉफी को सेहतमंद बनाना चाहते हैं तो ये टिप्स अपनाएं।

### दूध की जगह बादाम का दूध इस्तेमाल करें

अधिकांश लोग कोल्ड कॉफी बनाने के लिए सामान्य दूध का इस्तेमाल करते हैं, जिसमें वसा की मात्रा ज्यादा होती है। अगर आप चाहें तो इसमें सामान्य दूध के बजाय बादाम के दूध का इस्तेमाल कर सकते हैं। बादाम का दूध कम कैलोरी वाला होता है और इसमें प्रोटीन, विटामिन-ई और मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्व भी होते हैं, जो आपकी सेहत के लिए फायदेमंद हैं। यह लैक्टोज मुक्त भी होता है, जिसे वजह से इसे हर कोई पी सकता है।

### सफेद चीनी के बजाय शहद या मेपल सिरप डालें

कोल्ड कॉफी में मिठास बढ़ाने के लिए सफेद चीनी की जगह शहद या मेपल सिरप का इस्तेमाल करें। शहद और मेपल सिरप प्राकृतिक मिठास प्रदान करते हैं और सेहत के लिए भी अच्छे होते हैं। इनका उपयोग करने से आपकी कोल्ड कॉफी में मिठास भी बढ़ेगी और यह सेहत के लिए भी फायदेमंद होगी। शहद और मेपल सिरप दोनों ही कम कैलोरी वाले होते हैं और इनमें शरीर के लिए जरूरी तत्व होते हैं।

### व्हिप क्रीम की जगह बादाम का मक्खन डालें

अक्सर लोग अपनी कोल्ड कॉफी पर व्हिप क्रीम डालते हैं, जिससे इसमें कैलोरी काफी बढ़ जाती है। आप अपनी ठंडी कॉफी में व्हिप क्रीम की जगह पर बादाम के मक्खन का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे न केवल इस पेय की कैलोरी कम होगी, बल्कि यह और भी स्वादिष्ट बन जाएगा। बादाम का मक्खन प्रोटीन और वसा से भरपूर होता है, जो आपकी सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। आप इस सामग्री के बिना भी कोल्ड कॉफी बना सकते हैं।

### स्वाद बढ़ाने के लिए दालचीनी पाउडर डालें

कोल्ड कॉफी का स्वाद बढ़ाने के लिए इसमें थोड़ा-सा दालचीनी पाउडर मिला सकते हैं। दालचीनी न केवल आपकी कोल्ड कॉफी को एक खास स्वाद देगी, बल्कि इसमें मौजूद अच्छे तत्व आपके स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होंगे। दालचीनी पाउडर में मौजूद गुण आपके पाचन तंत्र को बेहतर बनाने में मदद करेंगे और प्रतिरक्षा प्रणाली को भी मजबूत करेंगे। इन तरीकों से आप अपनी कोल्ड कॉफी को स्वादिष्ट और सेहतमंद बना सकते हैं।

# घर पर आसानी से मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए अपनाएं ये 5 सरल तरीके



मांसपेशियों का विकास एक ऐसी प्रक्रिया है, जो न केवल शारीरिक ताकत को बढ़ाता है, बल्कि आत्मविश्वास को भी मजबूत करता है। अगर आप जिम जाने का समय नहीं निकाल पा रहे हैं, तो घर पर ही कुछ आसान कसरतों को अपनाकर आप मांसपेशियों का विकास कर सकते हैं। यहां हम आपको कुछ ऐसी कसरतों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो रोजमर्रा की जिंदगी में आसानी से की जा सकती हैं।

### पुश-अप्स से होगा फायदा

पुश-अप्स एक ऐसी कसरत है, जो आपके पूरे शरीर की मांसपेशियों को मजबूत बनाती है। इसे करने के लिए सबसे पहले जमीन पर पेट के बल लेटें और अपने दोनों हाथों पर वजन डालते हुए शरीर को ऊपर-नीचे करें। इस दौरान ध्यान रखें कि आपका शरीर एक सीध में हो। यह कसरत न केवल छाती, कंधे और हाथों की मांसपेशियों को मजबूत करती है, बल्कि पेट की मांसपेशियों को भी टोन करती है।

### स्क्वाट्स भी है प्रभावी

स्क्वाट्स आपके पैरों और पीठ की मांसपेशियों को मजबूत बनाने में मदद कर सकती है। इसके लिए सबसे पहले सीधे खड़े हो जाएं और फिर घुटनों को मोड़ते हुए ऐसे बैठें, जैसे कि कुर्सी पर बैठने वाले हों। इसके बाद धीरे-धीरे नीचे झुकते हुए खड़े हो जाएं। यह प्रक्रिया बार-बार दोहराएं। स्क्वाट्स करने से आपके पैरों की ताकत बढ़ेगी और पीठ की मांसपेशियां भी मजबूत होंगी, जिससे आपकी शारीरिक स्थिति बेहतर होगी।

### प्लैंक आजमाएं

प्लैंक एक बेहतरीन कसरत है, जो आपके पूरे शरीर को चुनौती देती है और मांसपेशियों को मजबूत बनाती है। इसके लिए सबसे पहले जमीन पर पेट के बल लेटकर अपने दोनों हाथों को घुटनों के ऊपर रखें और पंजों पर वजन डालते हुए शरीर को सीधा रखें। इस अवस्था में जितनी देर हो सके उतनी देर टिके रहें। प्लैंक करने से पेट, पीठ और कंधों की मांसपेशियां मजबूत होती हैं, जिससे आपकी शारीरिक स्थिति बेहतर होती है।

### लंज को बनाएं अपनी दिनचर्या

लंज एक ऐसी कसरत है, जो आपके पैरों, कूल्हों और पेट की मांसपेशियों को मजबूत बनाती है। इसके लिए सबसे पहले सीधे खड़े होकर एक पैर को आगे बढ़ाएं और दूसरे पैर को पीछे खींचें, फिर आगे वाले घुटने को मोड़ते हुए नीचे आएं जब तक कि दोनों घुटने 90 डिग्री तक न हो जाएं। इस अवस्था में कुछ सेकंड रुके रहें और फिर वापस प्रारंभिक स्थिति में आ जाएं। इसे बार-बार दोहराएं।

### पुल-अप्स भी है फायदेमंद

पुल-अप्स एक ऐसी कसरत है, जो आपकी पीठ, कंधों और हाथों की मांसपेशियों को मजबूत बनाती है। इसके लिए किसी मजबूत सलाखों पर लटकें और अपने हाथों से खुद को ऊपर खींचें जब तक कि आपका ठुड्डी बार के ऊपर न हो जाएं।

नीचे धीरे-धीरे आएं और फिर से इसे दोहराएं। पुल-अप्स करने से आपकी पीठ की मांसपेशियां टोन होती हैं, जिससे आपकी शारीरिक स्थिति बेहतर होती है।

# वेनेजुएला और ईरान के बाद तैयार है ट्रंप का अगला टारगेट, बोले- इस देश को आजाद कराऊंगा या कब्जा करुंगा

वॉशिंगटन (ए.)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वैश्विक राजनीति में एक नया मोर्चा खोलने के संकेत दिए हैं। मियामी में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ईरान और वेनेजुएला के बाद अब क्यूबा की बारी हो सकती है। हालांकि ट्रंप ने यह स्पष्ट नहीं किया कि अमेरिका क्यूबा के खिलाफ किस तरह की कार्रवाई कर सकता है, लेकिन उन्होंने यह जरूर कहा कि मजबूत सेना का इस्तेमाल कभी-कभी करना पड़ता है। वेनेजुएला में राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के सत्ता से हटने के बाद क्यूबा पहले से ही गहरे आर्थिक और ऊर्जा संकट का सामना कर रहा है। ट्रंप के हालिया बयानों ने वहां की सरकार की चिंताएं और बढ़ा दी हैं। अपनी सैन्य ताकत का जिक्र करते हुए ट्रंप ने कहा, मैंने एक विशाल सेना बनाई है। मैंने कहा था कि आपको इसका उपयोग कभी नहीं करना पड़ेगा, लेकिन कभी-कभी करना पड़ता है। वैसे, क्यूबा अगला है।



ट्रंप ने क्यूबा की स्थिति को फ्रेंडली टेकओवर (मैत्रीपूर्ण अधिग्रहण) की संभावना के रूप में भी पेश किया, हालांकि उन्होंने यह भी संकेत दिया कि हालात इसके विपरीत दिशा में भी जा सकते हैं। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि अमेरिका के पास द्वीप के साथ कुछ भी करने की क्षमता है और वे इसे आजाद करने या कब्जा करने का अवसर प्राप्त करना चाहते हैं।

हाल के घटनाक्रमों में, वेनेजुएला में अमेरिकी समर्थित कार्रवाई के बाद मादुरो के सत्ता से हटने से क्यूबा को मिलने वाली तेल आपूर्ति पर बड़ा असर पड़ा है। वेनेजुएला लंबे समय से क्यूबा का प्रमुख ईंधन आपूर्तिकर्ता रहा है। आपूर्ति रुकने से क्यूबा में बिजली संकट और आवश्यक वस्तुओं की कमी गहरा गई है, जिससे वहां की स्थिति और गंभीर हो गई है।

कड़े बयानों के बावजूद, राजनयिक विकल्प अभी भी खुले हुए हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी अधिकारियों और क्यूबा नेतृत्व के बीच बातचीत जारी है। अमेरिका का प्रमुख उद्देश्य क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज़-कानेल को पद से हटाना बताया जा रहा है। डियाज़-कानेल ने भी वॉशिंगटन के साथ बातचीत की पुष्टि की है, क्योंकि हवाना फिलहाल किसी भी सीधे सैन्य टकराव से बचने की कोशिश कर रहा है।

# हिजबुल्लाह ने लितानी नदी की ओर बढ़ रहे इजराइली सैनिकों पर किए कई हमले

**इजराइल ने चेतावनी दी थी वे लेबनान की लितानी नदी तक कब्जा करेगा**

तेहरान,(ए.)। हिजबुल्लाह संगठन ने दावा किया है कि उसने सीमा पार कर लेबनानी क्षेत्र में आगे बढ़ रहे इजराइली सैनिकों पर कई हमले किए। समूह के मुताबिक मरजायौन जिले के अल-कंतारा इलाके में तलाब के पास दो इजराइली टैंकों को निशाना बनाया गया। हिजबुल्लाह ने यह भी कहा कि तैयबेह इलाके के पास लितानी नदी की ओर बढ़ रहे इजराइली सैनिकों



पर रॉकेट, तोप और ड्रोन से हमले किए गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक इजराइल ने पहले ही चेतावनी दी है कि वे लेबनान के अंदर लितानी नदी तक कब्जा कर सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इजराइल की सेना ने बताया है कि यमन से एक मिसाइल दागी गई है, जिसे उनकी रक्षा प्रणाली ने ट्रैक किया। सेना के मुताबिक इस मिसाइल को रोकने के लिए एयर डिफेंस सिस्टम सक्रिय कर दिया है और लोगों को खतरे को लेकर अलर्ट किया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह पहली बार है जब मौजूदा युद्ध में यमन से इजराइल की ओर मिसाइल दागे जाने की पुष्टि हुई है।

# मिस ग्रैंड थाईलैंड के मंच पर मॉडल के साथ हुआ 'OOPS MOMENT', लेकिन फिर जो किया VIDEO देख आप भी करेंगे सलाम

थाईलैंड(ए.)। सोशल मीडिया की दुनिया में अक्सर कई एक्टर्स और एक्ट्रेसेस के 'ऊप्स मोमेंट' (Oops Moment) के वीडियो वायरल होते रहते हैं। आमतौर पर ऐसे पलों का शिकार होने के बाद सेलेब्स घबरा जाते हैं और इंटरनेट पर लोग जमकर उनके मजे लेते हैं। लेकिन इन दिनों थाईलैंड की एक मशहूर मॉडल का ऐसा वीडियो तहलका मचा रहा है, जिसमें लाइव शो के दौरान उनके साथ कुछ बेहद अनएक्सपेक्टेड घटना घटी। हालांकि, इस मॉडल ने सरेआम शर्मिंदगी का शिकार होने के बजाय जिस गजब के आत्मविश्वास के साथ पूरी सिचुएशन को हैंडल किया, उसने इंटरनेट पर पूरी दुनिया का दिल जीत लिया है।



स्टेज पर अचानक निकल गए मॉडल के 'नकली दांत'

यह पूरा वाकया हाल ही में आयोजित हुए प्रतिष्ठित 'मिस ग्रैंड थाईलैंड 2026' ब्यूटी पेजेंट का है। इस ग्रैंड इवेंट में कई खूबसूरत मॉडल्स ने हिस्सा लिया था। इसी दौरान स्टेज पर कमोलवन चानागो नाम की एक कंटेस्टेंट पूरे आत्मविश्वास के साथ अपना इंट्रोडक्शन दे रही थीं। तभी बोलते समय अचानक उनके 'नकली दांत' (डेंटल फिक्स्चर) मुंह से बाहर की तरफ गिर पड़े। यह एक ऐसा नाजुक पल था जब कोई भी मॉडल शर्मिंदगी से घबरा जाती या स्टेज छोड़कर भाग जाती, लेकिन कमोलवन ने जो किया उसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी।

# नेपाल के नए प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह का भारत को संदेश, बोले– साथ मिलकर काम करने को उत्सुक

**–पीएम मोदी को दिया धन्यवाद**

काठमांडू,(ए.)। नेपाल के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह ने पदभार संभालने के तुरंत बाद भारत के साथ संबंधों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि वह दोनों देशों के बीच सहयोग को नई दिशा देने के लिए उत्सुक हैं।



35 वर्षीय बालेंद्र शाह, जिन्हें 'बालेन' के नाम से भी जाना जाता है, ने शुक्रवार को नेपाल के सबसे युवा प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेकर नया इतिहास रचा। रैपर, इंजीनियर और फिर नेता के रूप में उभरे शाह को नेपाल की राजनीति में पीढ़ीगत बदलाव का प्रतीक माना जा रहा है।प्रधानमंत्री मोदी ने शाह को बधाई देते हुए कहा था कि उनका नेतृत्व नेपाल की जनता के विश्वास का प्रतीक है और दोनों देश मिलकर आपसी सहयोग को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं।

इसके जवाब में शाह ने कहा, आपके स्नेहपूर्ण शब्दों और शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। मैं हमारे दोनों देशों के बहुआयामी संबंधों को आगे बढ़ाने और साझा समृद्धि के लिए मिलकर काम करने को उत्सुक हूं।हालांकि, शाह का राजनीतिक सफर विवादों से भी अछूता नहीं रहा है। वर्ष 2023 में काठमांडू के मेयर रहते हुए उन्होंने फिल्म आदिपुरुष को लेकर विवादित निर्णय लिया था, जिसमें कुछ संवादों के विरोध में बॉलीवुड फिल्मों के प्रदर्शन पर रोक लगाने का आदेश दिया गया था। बाद में पाटन हाईकोर्ट ने इस आदेश को रद्द कर दिया था।

# मध्य पूर्व संकट के बीच ऑस्ट्रेलिया का बड़ा कदम, एंथोनी अल्बानीज सरकार देगी ईंधन खरीद की गारंटी



सिडनी,(ए.)। पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष से ऑस्ट्रेलिया भी प्रभावित हुआ है। तेल संकट जैसी परिस्थितियों से निपटने के लिए प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज के नेतृत्व में ऑस्ट्रेलियाई सरकार कदम उठा रही है। इसी क्रम में सरकार ने मध्य पूर्व में जारी संघर्ष से प्रभावित आवश्यक वस्तुओं की खरीद को सुरक्षित करने के लिए नए ईंधन सुरक्षा उपायों की घोषणा की है। प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज और ऊर्जा मंत्री क्रिस बोवेन ने सिडनी में पत्रकारों को बताया कि सरकार सोमवार को संघीय संसद में एक विधेयक पेश करेगी। यह विधेयक मौजूदा निर्यात क्रेडिट एजेंसी को निजी क्षेत्र की ओर से ईंधन, उर्वरक और अन्य जरूरी चीजों की खरीद की गारंटी देने की अनुमति देगा।

अल्बानीज ने कहा, सीधे शब्दों में कहें तो, हम 'एक्सपोर्ट फाइनेंस ऑस्ट्रेलिया' का इस्तेमाल करके जहाजों में भरकर आने वाले ईंधन की खरीद की गारंटी देंगे। इससे ऑस्ट्रेलिया में ईंधन की आपूर्ति बढ़ेगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार की ओर से मिलने वाला यह समर्थन कोई सामान्य कारोबारी प्रक्रिया नहीं होगी। इसके तहत सिर्फ वही अतिरिक्त आपूर्ति शामिल होगी, जो अंतरराष्ट्रीय बाजार में उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि इन नए उपायों से उन आयातकों का वित्तीय जोखिम कम होगा जो अतिरिक्त आपूर्ति सुनिश्चित करते हैं। समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' की रिपोर्ट के अनुसार, ये उपाय ऐसे समय में किए जा रहे हैं, जब पूरे ऑस्ट्रेलिया में ईंधन की कीमतें आसमान छू रही हैं और क्षेत्रीय इलाकों में इसकी भारी किल्लत हो रही है।

बोवेन ने बताया कि शनिवार तक ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रीय भंडार में 39 दिनों का पेट्रोल, 30 दिनों का डीजल और 30 दिनों का जेट ईंधन मौजूद था। इससे पहले, प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने शुक्रवार को कहा कि अल्पावधि में ऑस्ट्रेलिया की ईंधन आपूर्ति की स्थिति अच्छी नजर आ रही है, लेकिन आने वाले महीनों में हालात और भी मुश्किल हो सकते हैं।

देश के सामने गहराते ईंधन संकट को लेकर कैनबरा स्थित संसद भवन में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए अल्बानीज ने कहा कि सरकार 'दिन-रात काम कर रही है', ताकि एक मजबूत योजना तैयार की जा सके और भविष्य में आने वाली किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार व तत्पर रहा जा सके।

# ईरान के बुशहर न्यूक्लियर पावर प्लांट पर तीसरी बार हुआ हमला, आईएईए की चेतावनी- बहुत बुरा होगा अंजाम

तेहरान ,(ए.) ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन ने बताया कि बुशहर न्यूक्लियर पावर प्लांट पर शुक्रवार देर रात एक बार फिर से प्रोजेक्टाइल से हमला हुआ। 28 फरवरी से ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच शुरू हुए संघर्ष के बीच प्लांट पर ये तीसरा ऐसा हमला है। इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी (आईएईए) ने चेतवानी दी है कि अभी हमलों में नुकसान नहीं हुआ, लेकिन अगर बार-बार न्यूक्लियर ठिकाने पर हमले होते रहे, तो इसका अंजाम बहुत बुरा हो सकता है। हालांकि, ताजा हमले में किसी के हताहत होने, सामान के नुकसान या तकनीकी रुकावट की कोई खबर नहीं है। वहीं ईरानी संगठन ने इसके लिए अमेरिका और इजरायल को जिम्मेदार ठहराया गया है।इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी (आईएईए) ने कहा कि ईरान ने उसे हमले के बारे में बताया था। आईएईए के डायरेक्टर जनरल राफेल ग्रॉसी ने फिर से गहरी चिंता जताई और न्यूक्लियर एक्सीडेंट के खतरे से बचने के लिए ज्यादा से ज्यादा सैन्य नियंत्रण की अपील की।

आईएईए हालात पर करीब से नजर रख रहा है, ईरानी अधिकारियों के साथ सहयोग करके सेफ्टी उपायों को वेरिफाई कर रहा है और यह सुनिश्चित कर रहा है कि सभी न्यूक्लियर मटीरियल सुरक्षित रहें। ये नए हमले सैन्य तनाव से प्रभावित इलाकों में न्यूक्लियर और इंडस्ट्रियल फैसिलिटी के लिए बढ़ते खतरों को दिखाते हैं। हालांकि खोंडाब हेवी वॉटर प्लांट और खुजेस्तान स्टील फैक्ट्री दोनों सुरक्षित हैं, लेकिन एक्सपर्ट्स ने चेतावनी दी है कि अगर रेडियोएक्टिव मटीरियल वाली फैसिलिटी को बार-बार टारगेट किया गया तो इसके गंभीर नतीजे हो सकते हैं।

# खेल समाचार

## 10 वर्षों में 8.1 अरब डॉलर के खेल उपकरणों का होगा निर्यात, 54 लाख नौकरियों के बढ़ेंगे अवसर

नईदिल्ली (आरएनएस)। देश में खेल के प्रति जुनून व निर्माण इंफ्रास्ट्रक्चर के चलते इससे जुड़े सामान का निर्यात अगले 10 वर्षों में 8.1 अरब डॉलर तक हो सकता है। इसके लिए एमएसएमई आधारित क्लस्टरों निर्माण होंगे। इससे 54 लाख अतिरिक्त नौकरियों के अवसर बन सकते हैं। इससे भारत उच्च-गुणवत्ता वाले खेल उपकरणों का विश्वसनीय वैश्विक आपूर्तिकर्ता के रूप में स्थापित हो सकेगा।

नीति आयोग ने रिपोर्ट में इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए रोडमैप दिया है। इसके मुताबिक, प्रौद्योगिकी अपनाने, गुणवत्ता-परीक्षण, कच्चे माल ,उन्नत सामग्रियों में निवेश बढ़ाना होगा। मजबूत एंकर ब्रांड साझेदारियों, व्यापार नीति के जरिये बेहतर बाजार पहुंच, समन्वित ब्रांडिंग प्रयास से निर्यात लक्ष्य पाया जा सकता है।

इसी साल इटली में शीतकालीन ओलंपिक, ग्लासगो में राष्ट्रमंडल खेल व जापान में एशियाई खेल होंगे। अगले साल 2027 में मेघालय में राष्ट्रीय खेल, 2028 में लॉस ऐंजिल्स में ओलंपिक खेल व पैरा ओलंपिक खेल होंगे। 2030 में दोहा में एशियाई खेल होंगे। 2030 में अहमदाबाद में राष्ट्रमंडल खेल व 2032 में ब्रिसबेन में ओलंपिक खेल होंगे। 2034 में रियाद एशियाई खेल की मेजबानी करेगा। वहीं, 2036 के ओलंपिक की मेजबानी के लिए भारत ने अहमदाबाद की दावेदारी पेश की है। इन वर्षों में इतने आयोजनों के चलते खेल सामान व उपकरणों की खासी मांग होगी। भारत अपनी तैयारी कर इसमें अहम भूमिका निभा सकता है।

## वैभव सूर्यवंशी अब बन सकते हैं भारतीय टीम का हिस्सा, जानिए क्या हैं नियम

नईदिल्ली (आरएनएस)। भारतीय क्रिकेट के युवा सितारे वैभव सूर्यवंशी 15 साल के हो गए हैं। सिर्फ 14 साल की उम्र में ही इस खिलाड़ी ने कई बड़े रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए। अब ये खिलाड़ी सीनियर भारतीय टीम का हिस्सा बनाने के योग्य है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल के नियम के तहत किसी भी खिलाड़ी को सीनियर टीम में खेलने के लिए कम से कम 15 साल की उम्र होनी चाहिए। अब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड वैभव को चुन सकती है।

अंडर-19 विश्व कप में वैभव का प्रदर्शन शानदार रहा था। उन्होंने 7 मैचों में 62.71 की औसत से 439 रन बनाए थे। उनकी स्ट्राइक रेट 169.49 की रही थी। उनके बल्ले से 1 शतक के अलावा 3 अर्धशतक भी निकले थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 175 रन रहा था जो फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ आया। उन्होंने 30 छक्के लगाए। वह अंडर-19 विश्व कप में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज भी बने थे। उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया।

वैभव गेंदों के लिहाज से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बन हैं। उन्होंने आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए युसूफ पठान का पिछला रिकॉर्ड तोड़ा था। युसूफ ने 37 गेंदों में (आरआर बनाम एमआई, 2010) शतक जड़ा था। वैभव ने 35 गेंदों में शतक जड़ा था। उनसे आगे सिर्फ क्रिस गेल है। उन्होंने आईपीएल 2013 के दौरान (बनाम पुणे वारियर्स) के खिलाफ सिर्फ 30 गेंदों में शतक लगाया था।

## भारत के आगे झुका बांग्लादेश! सत्ता बदलते ही IPL से हटाया बैन; सामने आई ये बड़ी वजह



नई दिल्ली (आरएनएस)। तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2026 से रिलीज किए जाने के बाद भारत और बांग्लादेश के क्रिकेट संबंधों में आई कड़वाहट अब खत्म होती नजर आ रही है। बांग्लादेश की पूर्व मोहम्मद यूनुस सरकार ने खुन्नस निकालते हुए न सिर्फ आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए अपनी टीम भारत भेजने से इनकार कर दिया था, बल्कि देश में आईपीएल के प्रसारण पर भी पूरी तरह से बैन लगा दिया था। दुनिया की सबसे बड़ी और लोकप्रिय टी20 लीग पर लगे इस बैन ने क्रिकेट फैंस को काफी हैरान कर दिया था। हालांकि, अब बांग्लादेश में हुए सत्ता परिवर्तन के बाद हालात पूरी तरह से बदल गए हैं और नई सरकार ने आईपीएल के प्रसारण को फिर से हरी झंडी दे दी है।

**खेल और राजनीति को अलग रखने पर नई सरकार का जोर**

बांग्लादेश के वर्तमान सूचना और प्रसारण मंत्री जहीर उद्दीन स्वपन ने इस पूरे विवाद पर स्थिति साफ करते हुए कहा है कि नई सरकार खेल को राजनीति से बिल्कुल अलग रखना चाहती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इंडियन प्रीमियर लीग के प्रसारण पर अब कोई सरकारी या प्रशासनिक रोक नहीं लगाई जाएगी। जहीर उद्दीन स्वपन के मुताबिक, अगर कोई टीवी चैनल कमर्शियल नजरिए से आईपीएल के मुकाबले दिखाना चाहता है, तो सरकार उसे सकारात्मक रूप से देखेगी और किसी भी चैनल को इसका प्रसारण करने से नहीं रोका जाएगा। केबल ऑपरेटर्स एसोसिएशन ने भी इस बात की पुष्टि कर दी है कि अगर स्टार स्पोर्ट्स बांग्लादेश में आईपीएल दिखाता है, तो वे उसे बिना किसी डर के प्रसारित कर सकते हैं और उन्हें इसे रोकने का कोई निर्देश नहीं मिला है।

**टीम इंडिया के आगामी दौरे से जुड़ा है 'डिप्लोमैटिक' कनेक्शन**

बांग्लादेश सरकार का आईपीएल पर अचानक यह नरम रुख अपनाना एक बड़े 'डिप्लोमैटिक सिग्नल' के तौर पर भी देखा जा रहा है। दरअसल, बांग्लादेश को इस साल सितंबर में अपने घर पर भारत के खिलाफ तीन वनडे और तीन टी20 मैचों की एक अहम सीरीज खेलनी है। हालांकि, भारतीय टीम के इस दौरे को लेकर अंतिम फैसला भारत की केंद्र सरकार की मंजूरी पर ही टिका है। ऐसे में माना जा रहा है कि पूर्व सरकार के समय राजनीतिक माहौल और बोर्ड्स के बीच चल रहे जिन विवादों के कारण आईपीएल पर बैन लगा था, उसे हटाकर नई सरकार भारत के साथ अपने क्रिकेट और कूटनीतिक संबंधों को सुधारने की एक बड़ी कोशिश कर रही है।

## हार्दिक पांड्या ने विश्व कप जीत के बाद किया वादा निभाया, ग्राउंड्समैन को दिया खास तोहफा

नईदिल्ली, (आरएनएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने एक बार फिर साबित किया कि उनका प्रभाव मैदान के बाहर भी उतना ही बड़ा है। टी-20 विश्व कप 2026 जीतने वाले इस हरफनमौला खिलाड़ी ने इस बार वानखेड़े स्टेडियम के ग्राउंड्समैन के लिए दिल जीत लेने वाला कदम उठाया। महीनों पहले किया गया अपना वादा निभाते हुए हार्दिक ने ग्राउंड्समैन को सम्मानित किया और उन्हें उपहार व आर्थिक सहायता देकर खास अंदाज में आभार जताया।



मुंबई इंडियंस के कप्तान ने विश्व कप से पहले वानखेड़े में देर रात तक जमकर अभ्यास किया था। कई बार उनकी ट्रेनिंग सामान्य समय से काफी आगे तक चली, लेकिन इस दौरान ग्राउंड्समैन ने उन्हें हर तरह की सुविधा और सहयोग दिया। हार्दिक ने उस वक्त उनका आभार जताते हुए वादा किया था कि वह इसे जरूर लौटाएंगे। उन्होंने अपना वादा निभाया और ग्राउंड स्टाफ को सम्मानित करते हुए उन्हें उपहार और आर्थिक प्रोत्साहन देकर धन्यवाद दिया।

हार्दिक और ग्राउंड स्टाफ की मेहनत आखिरकार रंग लाई। भारत ने अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर विश्व कप का खिताब अपने नाम किया था। पूरे टूर्नामेंट में हार्दिक ने बल्ले और गेंद दोनों से अहम भूमिका निभाई थी। इस खिताबी जीत के साथ ही हार्दिक लगातार 2 बार टी-20 विश्व कप जीतने वाले खिलाड़ी बन गए, इससे पहले वह 2024 में भी विजेता टीम का हिस्सा रह चुके थे।

## GOLF के महान खिलाड़ी टाइगर वुड्स को पुलिस ने किया गिरफ्तार, जानें क्या है पूरा मामला

फ्लोरिडा (आरएनएस)। फ्लोरिडा के जुपिटर आइलैंड में एक खौफनाक कार हादसे के बाद गोल्फ के महान खिलाड़ी टाइगर वुड्स को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। 15 बार के मेजर चैंपियन और दुनिया भर में गोल्फ के आइकन माने जाने वाले टाइगर वुड्स को उनके घर से कुछ ही दूरी पर



नशे की हालत में गाड़ी चलाने (DUI) के गंभीर शक में गिरफ्तार किया गया है। मार्टिन काउंटी शेरिफ जॉन बुडेनसीक ने इस पूरी घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि दिग्गज खिलाड़ी को इस हादसे के तुरंत बाद पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया।इस भयंकर एक्सीडेंट की वजह तेज रफ्तार और खतरनाक तरीके से ओवरटेक करना बताई जा रही है। जॉन बुडेनसीक के मुताबिक, टाइगर वुड्स साउथ बीच रोड पर उत्तर की दिशा में अपनी लैंड रोवर कार को बेहद तेज गति से दौड़ा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने आगे चल रहे एक ट्रक को पार करने की कोशिश की। यह ट्रक एक प्रेशर क्लीनर ले जा रहा था और आगे जाकर एक ड्राइववे की ओर मुड़ने के लिए अचानक धीमा हो गया था, जिसके चलते वुड्स की कार का संतुलन बिगड़ गया।ट्रक के अचानक धीमा होने पर वुड्स ने किसी तरह अपनी एसयूवी को ट्रक से सीधे टकराने से तो बचा लिया, लेकिन उनकी तेज रफ्तार कार ट्रेलर के पिछले हिस्से से बुरी तरह जा टकराई।

## आईपीएल 2026: सीएसके को लगा बड़ा झटका, पहले 2 हफ्ते नहीं खेलेंगे महेंद्र सिंह धोनी



नई दिल्ली, (आरएनएस)। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 की शुरुआत से पहले चेन्नई सुपर किंग्स की टीम को बड़ा झटका लगा है. टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के टूर्नामेंट के शुरुआती मुकाबले में खेलने को लेकर बड़ी खबर सामने आई है. एमएस धोनी के आईपीएल 2026 के पहले दो हफ्तों में खेलने की संभावना कम है. वह अपनी पिंडली में खिंचाव से उबर रहे हैं।

चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से सीजन के पहले मैच की सुबह जारी बयान में पुष्टि की गई कि धोनी पिंडली की चोट के लिए रिहैबिलिटेशन कर रहे हैं. इससे टीम टूर्नामेंट के शुरुआती हिस्से में अपने स्टार खिलाड़ी के बिना उतर सकती है. चेन्नई का पहला मैच 30 मार्च को गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ है।

28 मार्च को इंडियन प्रीमियर लीग के नए सीजन की शुरुआत से ठीक पहले चेन्नई से फैंस को दिल तोड़ने वाली खबर मिली. टीम की तरफ से आधिकारिक तौर पर इस बात को पक्का कर दिया गया कि धोनी चोटिल होने की वजह से शुरुआती मुकाबलों में खेलने नहीं उतरेंगे. इसका मतलब साफ है कि संजू सैमसन उनकी जगह पर विकेटकीपर की जिम्मेदारी निभाते नजर आएंगे।

सीएसके अपनी मुहिम की शुरुआत सोमवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ करेगी और पहले दो हफ्तों में पंजाब किंग्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और दिल्ली कैपिटल्स से भी भिड़ेगी. नए स्टार खिलाड़ी संजू सैमसन कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के साथ ओपनिंग करेंगे. टीम में वैसे तो विकेटकीपिंग के विकल्प के तौर पर उर्विल पटेल और कार्तिक शर्मा हैं लेकिन संजू ही धोनी की जगह नजर आएंगे. इस सीजन से पहले सैमसन को राजस्थान रॉयल्स से रवींद्र जडेजा और सैम करन की जगह ट्रेड किया गया है. सीएसके ने घरेलू क्रिकेट में शानदार छक्के लगाने वाले कार्तिक पर 14.20 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

# दक्षिणेश्वरी माता महाकाली मंदिर से निकली भव्य कलश एवं जवारे की शोभायात्रा

## नौ देवियों के स्वरूप में शामिल हुई कन्याएं, नारी शक्ति गा रही थी मंगल गीत





नर्मदापुरम( निप्र)। मां नर्मदा की नगरी नर्मदापुरम में सतरस्ते पर चैत्रीय नवरात्र में पहली बार नौ दिनों तक देवी भागवत कथा होने के बाद दसवे दिन दक्षिणेश्वरी माता महाकाली मंदिर से भव्य कलश एवं जवारे की शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में नो कन्याओं को देवी स्वरूप में तैयार कर झांकी सजाई गई। आगे आगे भजन मंडली भजन प्रस्तुत करते हुए चल रही थी। एक बग्गी में राजराजेश्वरी बाराही धाम डुंगरिया जिला सीहोर से पधारे सुप्रसिद्ध राष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य पं जितेन्द्रिय महाराज (बशिष्ठ) विराजमान थे।

शोभायात्रा सतरस्ते से अमर चौक, श्रीराम चौक, हलवाई चौक सराफा चौक होते हुए नर्मदा तट के सेठानी घाट पहुंची। जहां पर माता के जवारों का विसर्जन हुआ तथा कलश लेकर शामिल हुई नारी शक्तियों ने अपने अपने कलश में मां नर्मदा की जलधारा का पवित्र जल लेकर वापस उसी मार्ग से मंगल गीत गाते हुए वापस देवी माता महाकाली धाम सतरस्ता पहुंची। समिति सदस्य भी पूरे समय मौजूद रहे। माता महाकाली की आरती के पश्चात समिति द्वारा जल कलश शोभायात्रा में शामिल नारी शक्ति को प्रदान किए गए। इस धार्मिक अनुष्ठान में सबसे ज्यादा नारी शक्तियों ने सहभागिता निभाई। पूरे नवरात्र में देवी माता के चरित्र सुनकर नगर वासी धन्य हुए। प्रतिदिन बडी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे। समिति के अध्यक्ष प्रकाश शिवहरे एवं सभी सदस्यों ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# नर्मदापुरम-इटारसी निवासी युवक के साथ मोबाइल पर ठगी का मामला

### हैकर ने मोबाइल हैक कर उड़ाए 1.71 लाख रूपये

नर्मदापुरम( निप्र)। ग्वालियर। साईबर ठगी के मामले रूकने की बजाए बढ़ते जा रहे हैं। पढ़े लिखे युवक भी शिकार हो रहे हैं। ऐसा ही एक मामला



नर्मदापुरम इटारसी के निवासी युवक के साथ ग्वालियर में हुए ठगी का प्रकाश में आया है। बताया गया है कि .मोबाइल हैक कर युवक के खाते से 1.71 लाख रूपये उडा दिए गए। युवक का कहना है कि उसने ओटीपी शेयर की न लिंक ओपन की। उक्त मामला 3 से 16 फरवरी 2026 के बीच का बताया जा रहा है। पीडित युवक 21 वर्षीय ईशांक रावत जो वर्तमान में गोला का मंदिर क्षेत्र की प्रगति विहार कॉलोनी ग्वालियर में किराए से रह रहा है। इस ठगी का शिकार हुआ। पुलिस को शंका है कि युवक ने मोबाइल पर एपीके या कोई अन्य फाइल डाउनलोड की होगी। युवक का कहना है कि 3 फरवरी को वह मोबाइल चला रहा था, तभी किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसका फोन हैक कर लिया। इसके बाद उसके बैंक खाते से अलग.अलग ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 1.71 लाख रुपए से ज्यादा की राशि निकाल ली गई। उसने तुरंत नेशनल साइबर हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज करा दी है। शिकायत के आधार पर ई.जीरो पर प्रकरण दर्ज कर मामला गोला का मंदिर थाना पुलिस को ट्रांसफर किया गया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# रसोई गैस की किल्लत के आगे नहीं झुकी भंडारे की परंपरा, परेशानी के बाद भी नहीं डिगी आस्था

### भट्टी में तपते हुए हजारों श्रद्धालुओं के लिए तैयार किया गया भंडारे का भोजन

नर्मदापुरम( निप्र)। धार्मिक पर्व नवरात्र के समापन के बाद शहर में अनेक स्थानों पर भंडारे के आयोजन की परंपरा को निभाने में आयोजन समितियों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। रसोई गैस की किल्लत के चलते समितियों को भी परेशान होना पड़ा। लेकिन धार्मिक आस्था के आगे रसोई गैस की किल्लत वाली परेशानी भी आड़े नहीं आई। सदर बाजार वाली नवरात्र महोत्सव समिति ने अपने सहयोगियों के द्वारा आग की भट्टियां तैयार कर उस पर हजारों लोगों का भोजन तैयार कर भंडारे का आयोजन पूर्व की तरह की जोरशोर के साथ किया। कई घंटों तक श्रद्धालुओं को भंडारे में भोजन उपलब्ध कराया गया। तपती धूप तेज गर्मी और आग की लपटों के बीच समिति के सदस्यों ने तथा सहयोगियों ने खीर पूड़ी, सब्जी, कड़ी चावल तैयार कर श्रद्धालुओं को आत्मीयता के साथ बुला बुला कर खिलाया।

# चार दिन बाद शुरू होना है समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी



***उपार्जन केंद्रों पर व्यवस्था बनाने का कार्य नहीं हुआ शुरू***

***जिले में 142 केंद्रों पर होना है गेहूं खरीदी***

नर्मदापुरम( निप्र)। खाद्यान्य उत्पादन में अव्वल आने वाले जिले में प्रशासन ने 142 खरीदी केंद्र तय किए हैं। वहीं 1 अप्रैल से गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जाना है। खरीदी की प्रकिया चार दिन बाद शुरू होना है। अनेक समितियों के पास संसाधन की कमी है। मंडी के अलावा वेयर हाउस तथा कुछ सोसायटियों द्वारा खुले में भी खरीदी होना है। जिनमें बारिश के कारण खाद्यान्य के खराब होने की संभावना बनती है। बीते वर्षों में गर्मी के मौसम में खरीदी के दौरान एक दो बार बारिश आने पर खरीदा गया गेहूं भींग चुका है। लेकिन इसके बाद भी अनेक खरीदी केंद्र खुले में ही बनाए जा रहे हैं। संभाग मुख्यालय की मंडी में दो खरीदी केंद्र रहेंगे। जिनमें करीब दो हजार किसानों से गेहूं खरीदा जाएगा। मंडी में भी खरीदी संबंधी व्यवस्था नहीं हो सकी है।

### नहीं बन सकी पूरी बाउंड्रीवाल

मंडी में खरीदी के दौरान गेहूं की चोरी होना तथा पशुओं के आने जाने से खरीदा गया गेहूं खुलें में पड़ा रहने से नुकसान होता है। कृषि उपज मंडी में बीते वर्ष कुछ स्थानों पर वाउंड्री वाल बना दी गई थी। लेकिन अभी पूरी दीवाल नहीं होने ने मंडी में पशुओं के आने जाने से अनाज को नुकसान पहुंचाया जाता है। धान के समय ही कई पशु आकर धान खाते रहे हैं।

### किसानों के ठहरने की व्यवस्था हो

जब खरीदी शुरू होती है तब खरीदी केंद्रों पर किसानों के द्वारा अपनी उपज लेकर ट्रैक्टर ट्राली के माध्यम से बड़ी संख्या में किसानों का समूह आ जाता है। तब किसान रात में कहां ठहरें जहां कोई व्यवस्था नहीं है वहां तो किसान अपनी ट्राली पर ही रात गुजार लेते हैं। लेकिन मंडी में किसान विश्राम ग्रह बनाया जरूर है। लेकिन उसमें ताला लगा रहता है। इस कारण किसानों को आराम करने की सुविधा नहीं मिल पाती है।


### तुलाई के लिए बड़े कांटे की मांग

बड़ी संख्या में ट्राली आने पर किसानों की उपज को तौलने के लिए छोटे कांटे लगे रहते हैं। किसान संगठनों की मांग है कि हर तुलाई केंद्रों पर बड़े तुलाई कांटे की व्यवस्था की जाए तथा जहां पर बड़े कांटे उपलब्ध हैं वहां पर उन कांटों की बार बार जांच की जाए जिससे कि उसमें कुछ फंसा कर कालाबाजारी नहीं हो सके। किसान कमलेश चौधरी ने कहा कि खरीदी के समय में कुछ लोग चालाकी बहुत करते है। उसे रोकी जाए।

### अधिकारियों पर काम का बोझ

वैसे भी तमाम विभागों में अधिकारियों की कमी बनी हुई है। यहां तक कि एक अधिकारी के पास दो तीन जिलों का भी प्रभार बना हुआ है। ऐसे में उनमें से भी अनेक अधिकारियों की गेहूं खरीदी में ड्यूटी लगाई जाती है। राजस्व विभाग के अधिकारियों के पास भी अनेक कार्य रहते हैं तव वे खरीदी को भी प्राथमिकता में लेते हैं।

# भाजपा ने अपनी विचारधारा से कभी समझौता नहीं किया : खण्डेलवाल



नर्मदापुरम। भोपाल। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने शनिवार को पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत भोपाल जिले के गोविंदपुरा विधानसभा के इंद्रपुरी मंडल में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन कर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपनी विचारधारा से कभी समझौता नहीं किया। बदलते हुए समय में कार्यपद्धति में बदलाव आवश्यक है, लेकिन विचारधारा से कभी समझौता नहीं हुआ। पार्टी कार्यकर्ता पं दीनदयाल उपाध्याय जी और कुशभाऊ ठाकरे के जीवन से सीखें कि उन्होंने किस प्रकार संगठन को गढ़ने का कार्य किया।

प्रधानमंत्री मोदी जी वर्तमान वैश्विक स्थिति में दुनिया भर के देशों के साथ समन्वय बनाकर भारत के हितों की रक्षा कर रहे हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री जी के कार्यों से यह भी सीखना चाहिए कि अपने देश देश की जनता के हितों के लिए किस प्रकार से कार्य किया जाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपनी विचारधारा और संगठनात्मक पद्धति को सर्वोपरि रखते हुए देश की सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति के रूप में स्वयं को स्थापित किया है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने नर्मदापुरम मंडल के रामानंद गार्डन में प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करने के पश्चात् जिला बैठक एवं जिला जनप्रतिनिधि बैठक को भी संबोधित किया। भोपाल में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग को प्रदेश शासन की मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर, जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति ने भी संबोधित किया।

### भाजपा सत्ता के लिए नहीं, बल्कि अपनी विचारधारा के लिए जानी जाती है

श्री खण्डेलवाल ने कहा कि भाजपा सत्ता के लिए नहीं बल्कि अपनी विचारधारा के लिए जानी जाती है। जनसंघ के समय लिए गए संकल्प जम्मू.कश्मीर से धारा 370 हटाना, राम मंदिर निर्माण एवं तीन तलाक पर प्रतिबंध पर पार्टी ने कभी समझौता नहीं किया। वर्ष 1985 में मात्र दो सीटों तक सीमित रहने के बावजूद भाजपा ने अपने सिद्धांतों से विचलित हुए बिना संगठन और प्रशिक्षण के बल पर निरंतर आगे बढ़ते हुए आज यह स्थान प्राप्त किया है।

### कांग्रेस की कोई विचारधारा नहीं होने से अस्तित्व समाप्त हो रहा

उन्होंने कहा कि देश में दो ही दल विचारधारा आधारित हैं, पहला भाजपा और दूसरा कम्युनिस्ट। भाजपा समाज को साथ लेकर चलने से आज दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बन चुकी है, जबकि कम्युनिष्ट पार्टी अपनी विचारधारा के कारण समाज से दूर होती गई और आज उस दल का अस्तित्व ही लगभग समाप्त हो चुका है। कांग्रेस पार्टी की कोई विचारधारा नहीं है, इसलिए उसका अस्तित्व भी समाप्त हो रहा है। कांग्रेस कोई राजनीतिक दल नहीं आजादी की लड़ाई के लिए अंग्रेजों द्वारा बनाया गया एक प्लेटफार्म था। देश की आजादी के बाद महात्मा गांधी जी ने कहा कि कांग्रेस को समाप्त कर देना चाहिए। नर्मदापुरम प्रशिक्षण वर्ग में विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष व विधायक सीताशरण शर्मा, पार्टी की प्रदेश मंत्री राजो मालवीय, सांसद श्रीमती माया नारोलिया, जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला, विधायक विजयपाल सिंह, प्रेमशंकर वर्मा सहित मंडल पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बाल श्रम की पहचान तथा विमुक्ति के लिए चलाया गया हस्ताक्षर अभियान

नर्मदापुरम( निप्र)। बाल श्रम की पहचान एवं विमुक्ति की कार्रवाई के लिए शनिवार को जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्घाटन जिला न्यायाधीश द्वारा किया गया। यह अभियान श्रम विभाग के नेतृत्व में पुलिस विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा शिक्षा विभाग के सहयोग से न्यायालय परिसर में चलाया गया।जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत इस सप्ताह में पथरोटा एवं केसला स्थित संस्थानों एवं ढाबो में बाल श्रम रोकथाम संबंधी स्टीकर लगाए गए तथा नियोजकों को बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम के बारे में जानकारी दी गई। भ्रमण के समय यह स्पष्ट किया गया कि 14 वर्ष तक के बालकों का किसी भी प्रकार के कार्यों में नियोजन पूर्णत: प्रतिबंधित है।

# नई दिल्ली में संसदीय समिति की बैठक में सांसद चौधरी की सहभागिता

नर्मदापुरम (निप्र)। नई दिल्ली।नई दिल्ली में आयोजित महिला बच्चे युवा एवं खेल तथा शिक्षा से संबंधित संसदीय स्थायी समिति की महत्वपूर्ण बैठक में सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने सक्रिय सहभागिता की। इस बैठक में देश के वर्तमान शैक्षणिक परिदृश्य और उभरती तकनीकों पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक के दौरान संसदीय पैनल के साथ भारतीय संदर्भ में शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग, संभावनाओं और चुनौतियों पर गंभीर विचार.विमर्श किया गया। विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया गया कि एआई के माध्यम से शिक्षा को अधिक सुलभ, गुणवत्तापूर्ण और प्रभावी कैसे बनाया जा सकता है।

### सामाजिक प्रभाव के लिए एआई पर जोर

चर्चा में यह भी रेखांकित किया गया कि एआई का उपयोग केवल तकनीकी उन्नति तक सीमित न रहकर सामाजिक प्रभाव उत्पन्न करने वाला होना चाहिए। शिक्षाए महिला सशक्तिकरण, बच्चों के विकास और युवाओं के कौशल संवर्धन में एआई की महत्वपूर्ण भूमिका को लेकर व्यापक विचार साझा किए गए। सांसद चौधरी ने कहा कि भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में एआई का उपयोग स्थानीय आवश्यकताओं और सामाजिक समावेशन को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए, जिससे ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों तक भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अवसर पहुंच सकें।

बैठक में समिति के अन्य सदस्यों ने भी अपने सुझाव प्रस्तुत किए और शिक्षा क्षेत्र में तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने के साथ.साथ नैतिकता, डेटा सुरक्षा और समावेशिता जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी बल दिया गया।

यह बैठक शिक्षा के क्षेत्र में एआई के प्रभावी उपयोग के लिए नीतिगत दिशा तय करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

# कमिश्नर के नेतृत्व में कमिश्नर कार्यालय परिसर मे साफ सफाई कर परिसर को स्वच्छ किया गया

### कमिश्नर ने परिसर स्थित लंबे समय से बंद कुएं का जीणौदार करने के दिए निर्देश नालियों से झाड़ियां हटाकर नाली मरम्मत कर सिमेंटीकरण करने के दिए निर्देश



नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदा पुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी के नेतृत्व में साप्ताहिक स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार की प्रात: कमिश्नर कार्यालय परिसर में साफ सफाई एवं स्वच्छता के लिए श्रमदान किया गया। प्रात: 7:00 बजे से आयोजित स्वच्छता के इस कार्यक्रम में कमिश्नर कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपार उत्साह से परिसर की सफाई कर परिसर को स्वच्छ कर साफ सफाई को आदत में शामिल करने का संदेश दिया।इस दौरान कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने पूरे कमिश्नर परिसर का भ्रमण कर सफाई व्यवस्थाओं एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने लंबे समय से परिसर में स्थित बंद कुएं का जीणौदार करने के निर्देश दिए। बंद कुएं में अंदर तक छोटी-छोटी झाड़ियां उग गई है साथ ही पीपल का वृक्ष भी पनप गया है। कमिश्नर ने निर्देश दिए की लोक निर्माण विभाग झाड़ियो को हटा कर कुएं का जीणौदार करना सुनिश्चित करें। उन्होंने नगर पालिका अधिकारी को पूरे नगर में भी बेहतर साफ सफाई व्यवस्थाएं बनाए रखने एवं शहर की नालियों की साफ सफाई करने के निर्देश दिए और कहां की इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही ना हो। कमिश्नर श्री तिवारी ने स्वयं परिसर के चारों तरफ बनी नाली की गहराई का अवलोकन किया। नालियों में उग आई झाड़ियो एवं पत्तों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। जगह-जगह उखड़ी नालियों की मरम्मत करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि नालियों की मरम्मत कर नालियों का सीमेंट करण किया जाए। नाली के ऊपर उगी झाड़ियो को तत्काल हटाकर नाली के आसपास में रंग रोगन कर उसे आकर्षक बनाया जाए। उन्होंने परिसर की दीवार जो कई जगह से बदरंग हो गई है उसकी पुताई कराने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने परिसर में पार्किंग व्यवस्था भी व्यवस्थित करने के निर्देश दिए।कमिश्नर श्री तिवारी ने सफाई अभियान के दौरान देखा कि कमिश्नर परिसर से लगे हुए जल संसाधन विभाग के प्रक्षेत्र में व्यापक रूप से गंदगी व्याप्त है।

प्लास्टिक के डिस्पोजल, पानी की बोतल, गुटका पाउच के रैपर एवं पेडो की पत्तियां तथा कचरा बिखरा पड़ा है। इस पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने नगर पालिका के कर्मचारियों को उक्त स्थान से सभी वस्तुएं हटाकर डिस्पोजल करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर पालिका के सुपरवाइजर रवि घाघरी को हिदायत दी की वे नियमित रूप से परिसर स्थित नालियों, बगीचे एवं अन्य स्थानों पर व्याप्त कचरे का निस्तारीकरण करते हुए इसकी नियमित मॉनिटरिंग करें।

# जिले में आयोजित वृहद विधिक साक्षरता शिविर में हितग्राही हुए लाभान्वित

नर्मदापुरम( निप्र)। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं तृप्ति शर्मा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के मार्गदर्शन में शनिवार 29 मार्च को प्रात: 10:30 बजे से जिला न्यायालय परिसर में वृहद विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ तृप्ति शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जिनमें श्रम विभाग, विद्युत विभाग, जिला पंचायत, जनपद पंचायत, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा वन स्टॉप सेंटर शामिल रहे।

खण्ड-I

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश शासन वन विभाग

कार्यालय वनमण्डल अधिकारी, वनमंडल हरदा उत्पादन

दूरभाष क्रमांक- 07577-222025 Email- dfopharda@mp.gov.in

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या- 01/स्टोर/2026/2183 दिनांक 16/03/26

1. वनमंडल अधिकारी वनमंडल हरदा उत्पादन द्वारा म0प्र0 भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधन-2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रमांक | सामग्री का विवरण | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 01 | विद्युत सामग्री | 10000 | 500 |

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर नि:शुल्क देखें और डाउनलोड किए जा सकते है।
2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिग के माध्यम पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनॉक 01-04-2026 प्रात: 10.00 बजे से दिनॉक 24-04-2026 दोपहर 3.00 बजे तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है।
3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियॉ लागू होगी।
4. ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट यदि कोई है तो केवल पोर्टल पर प्रकाशित कियें जाएगें, समाचार पत्रों में नहीं।
5. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल:- https://mptenders.gov.in/

जी-27955/25

वनमंडल अधिकारी,
वनमंडल हरदा (उत्पादन)

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें

# लोकगीतों के स्वरों में श्रीराम नाम का मधुर रस, नृत्य में कथक एवं भरतनाट्यम के ताने-बाने में रघुवर के जन्म की पावन गाथा

नर्मदापुरम( निप्र)। श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास, संस्कृति विभाग, म.प्र. शासन द्वारा श्रीरामनवमी के पावन पर्व पर कला नुशासनों में श्रीरामचंद्र की महिमा केन्द्रित आविर्भाव समारोह का आयोजन 27 मार्च, 2026 को सायं 6:30




बजे से श्रीराम मंदिर, माच्छा में किया गया। संस्कृति विभाग द्वारा यह आयोजन जिला प्रशासन, नर्मदापुरम् के सहयोग से किया गया, जिसमें श्रद्धा, भक्ति और शास्त्रीय-सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों के अनुपम संगम ने दर्शकों का मन मोह लिया। समारोह में राकेश सिंह एवं साथी, हरदा का निमाड़ी लोक गायन, भोपाल की सुश्री प्रीति तिवारी एवं साथी कलाकारों द्वारा कथक एवं भरतनाट्यम नृत्य शैली में श्रीराम केन्द्रित नृत्य नाटिका श्रीरामचरितम् की प्रस्तुति एवं धार की सुश्री श्वेता गुंजन जोशी द्वारा श्रीराम केन्द्रित भजन गायन की प्रस्तुति दी गई। सर्वप्रथम राकेश सिंह म्हारा कीर्तन में रस बरसाओ... गीत से प्रस्तुति की शुरुआत की। इसके पश्चात रट ले मनवा शाम सबेरे..., सब देव में देव हजारों है... शिव बम बम भोला.... रंग रंगीली चुनर ओढ़ के.., कैंचन कांच का बनया रे धनियर.... श्रीराम भगवान का... आदि लोकगीतों की प्रस्तुतिदी। भक्ति के इस कारंवा को आगे बढ़ाते हुए सुश्री प्रीति तिवारी एवं साथी कलाकारों ने नृत्य नाटिका श्रीरामचरितम् की प्रस्तुति दी।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com